# गहराया गैस का संकट, ठप होने की कगार पर व्यापार

## सर्वर के ठीक ढंग से कार्य न करने के कारण नहीं हो पा रही है बुकिंग, एजेंसियों के सामने घंटों लाइन में लग रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन के दावों के विपरीत घरेलू गैस को लेकर समस्या और गहराती जा रही है। कामकाज छोड़कर उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर घंटों लाइन में लग रहे, उस पर आफत यह कि सर्वर के ढंग से काम न करने की वजह से बुकिंग व ओटीपी हाशिये पर है। एक सिलेंडर के लिए एक नहीं, कई दिन बीत रहे। उधर बाराबंकी में नियम लागू होते ही तमाम होटल, दुकानों पर कामकाज ठप होने की कगार पर है तो बड़े प्रतिष्ठान की सेहत पर असर ही नहीं है।

नियम एक कि 25 दिन से पहले दूसरा सिलेंडर नहीं मिलेगा, दूसरा यह कि बिना बुकिंग गैस नहीं मिलेगी, ने कालाबाजारी पर एक हद तक रोक तो लगा दी है पर इसका विपरीत असर घरेलू गैस के उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। बड़े व नामी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कारोबार अनवरत जारी है, जिससे साफ है कि दावों के विपरीत गुपचुप सिलेंडर की कालाबाजारी जारी है। दूसरी ओर शहर व ग्रामीण इलाकों के होटल, छोटे बड़े रेस्टोरेंट पर काम बंद होने की नौबत आ गई है। नियम में बंधने से घरेलू गैस की आम पहुंच खत्म हो गई है। यहां तक कि गैस की किल्लत के चलते मांग बढ़ने से कोयला लकड़ी महंगी हो गई और बाजार में इंडक्शन की खरीद में इजाफा हो गया है। व्यापारी वर्ग गैस की किल्लत से खासा परेशान है। अब तो कामर्शियल सिलेंडर भी आसानी से नहीं मिल रहा। घरेलू उपभोक्ताओं की समस्या जस की तस है। गुरुवार को भी जिले भर में गैस एजेंसियों पर तेज धूप में उपभोक्ता लाइन लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। बहस, गहमागहमी के बीच आनलाइन बुकिंग हो नहीं पा रही, ओटीपी न मिलने से अब सिलेंडर ही नहीं मिल पा रहा।


बंकी स्थित अमित गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

### गड़बड़ी की शिकायत पर जांच, मिले सिलेंडर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजा एचपी गैस एजेंसी में सिलेंडर वितरण में अनियमितता की शिकायत सामने आने पर प्रशासन हरकत में आ गया। उपभोक्ताओं की शिकायत पर एसडीएम अनुराग सिंह ने जांच के निर्देश दिए। धरौली वार्ड-5 निवासी विजय लक्ष्मी और अमित ने शिकायत में बताया कि उन्होंने 9 मार्च को ऑनलाइन गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन 10 मार्च को एजेंसी पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि उनका सिलेंडर किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है। दोनों उपभोक्ताओं ने प्रशासन से शिकायत की। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और पूर्ति निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव ने एजेंसी पहुंचकर जांच की। पता चला कि शिकायतकर्ताओं का ई-केवाईसी पूरा नहीं था। मौके पर ही दोनों उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी पूरी करवाकर दो गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए गए।

### गैस एजेंसी पर युवक से मारपीट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में बंकी स्थित अमित गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने आए युवक के साथ गुरुवार को मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरादाबाद निवासी मनीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार को अमित गैस एजेंसी पर गैस लेने गया था। आरोप है कि वहां मौजूद अब्दुल निवासी बंकी व उसके साथ मौजूद अज्ञात लोगों ने बिना वजह उसे लात-घूंसों से पीट दिया। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके शरीर में चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद श्याम कुमार सैनी व अन्य लोगों ने बीच-बचाव कराया। शहर कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।


गैस एजेंसी के बाहर होती मारपीट। ● अमृत विचार

# हादसों में दो की मौत, तीन घायल

**रफ्तार की मार**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग अलग सड़क हादसो में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि पंजाब के चालक परिचालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। मृतकों में एक की पहचान नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र में पल्हरी चौराहा के पास बुधवार की देर रात एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल ले जाए गए घायलों में एक की मौत हो गई, जबकि भिखरा निवासी मुकेश की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरा हादसा रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुआ। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छंदवल मजरे ककरहा निवासी राजेश यादव 40 बुधवार की रात मित्र के विवाह समारोह में शामिल होने बोलेरो कार से रामनगर थाना क्षेत्र के परिणय मैरिज लान गए थे। रात करीब 10 बजे वह लान के बाहर लघुशंका कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार घटना लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर काशीपुर गांव के निकट हुई। पंजाब से बिहार जा रहा डीसीएम दूसरे ट्रक से साइड लगने के कारण अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया। हादसे में डीसीएम का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में डीसीएम चालक दरबाया सिंह (70) निवासी पक्खा गांव थाना सकत मंडी जिला भटिंडा पंजाब गंभीर रूप से घायल हो गए। परिचालक राजबिन्दर निवासी नैयावाला, भटिंडा, पंजाब को भी चोटें आईं। सूचना मिलते ही पहुंची एम्बुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने हालत देखते हुए इन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देवा प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के सालेनगर गांव निवासी जगतपाल पुत्र कालूराम किसी निजी काम से अपने बाराबंकी जा रहे थे। रास्ते में देवा नहर के पास एक अज्ञात बोलेरो गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जगतपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया पर डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बाराबंकी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

# मिथुन हत्याकांड के दो और आरोपी बंदी

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी क्षेत्र में हुए मिथुन हत्याकांड में बाकी बचे दो आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि लखनऊ के महिगवां के श्रीरामपुरवा मजरे सुभाषनगर निवासी मिथुन (22) की कुर्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्रीपुरवा में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने 10 लोगों को नामजद किया था। इनमें आठ को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं छह आरोपियों के घरों पर बुलडोजर भी चलवा दिया गया। हत्याकांड में पुलिस ने शेष बचे दो आरोपी शाहिल उर्फ बाली व गाटन उर्फ अब्दुल करीम निवासी ग्राम ब्राह्मणी टोला मजरे कुर्सी थाना कुर्सी को नहर कोठी के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# आलू की बंपर पैदावार से किसानों के सामने संकट

**दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में इस वर्ष आलू की बंपर पैदावार किसानों के लिए चिंता का कारण बन गई है। करीब 8.50 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के बावजूद बाजार में मांग कम होने और कोल्ड स्टोरेज की सीमित क्षमता के चलते आलू के दाम गिर रहे हैं।

जिले में 77 कोल्ड स्टोरेज हैं, जिनमें लगभग 7.50 लाख मीट्रिक टन आलू भंडारित किया जा सकता है। इनमें कोल्ड स्टोरेज की आधे से ज्यादा क्षमता पहले ही पूरी हो चुकी है, जिससे कई किसानों को भंडारण के लिए जगह मिलने का इंतजार करना पड़ रहा है। बता दें कि पिछले वर्ष आलू लगभग 1400 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा था, जबकि इस साल दाम घटकर करीब 600 रुपये प्रति क्विंटल रह गए हैं। आलू व्यापारियों का कहना है कि इस बार सभी क्षेत्रों में पैदावार अच्छी हुई है, लेकिन पिछले साल भारी नुकसान के कारण इस बार खरीद में ज्यादा जोखिम नहीं ले रहे हैं। देवा और फतेहपुर क्षेत्र जिले के प्रमुख पोटैटो बेल्ट माने जाते हैं, जहां बड़ी संख्या में किसान आलू की खेती करते हैं। किसानों की उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बाजार में मांग बढ़ने से दामों में सुधार होगा। उद्यान निरीक्षक सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि अभी लगभग 60 फीसदी क्षमता कोल्ड स्टोरेज में भरी है। आलू भंडारण में किसानों को कोई समस्या नहीं आएगी। उत्पादन के मुकाबले पर्याप्त जगह उपलब्ध है।

## प्रो चांसलर पूजा को राज्यपाल ने किया सम्मानित


प्रो चांसलर पूजा अग्रवाल को सम्मानित करतीं राज्यपाल। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर ई. पूजा अग्रवाल को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए योगदान की सराहना में प्रदान किया गया। पूजा अग्रवाल ने 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' द्वारा आयोजित डिजिटल भागीदारी और भारत की नारी पैनल चर्चा में बतौर विशेष पैनलिस्ट अपने विचारसाझा किए। उन्होंने डिजिटल युगमें महिलाओं की भागीदारी और समाज व राष्ट्र के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के चांसलर इं. पंकज अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी, शैक्षणिक सलाहकार आरुषी अग्रवाल और रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) हेमेन्द्र शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# दो सगी बहनों समेत तीन लापता

**उबाराबंकी: अमृत विचार :** ईंट भठ्ठा मजदूर की दो बेटियों समेत तीन किशोरियां अचानक लापता हो गईं। परिजनों ने इनकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। बड्डूपुर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में मजदूर पिता ने बताया कि वह बिहार के नवादा का रहने वाला है और एक ईंट भट्ठे पर काम करता है। बुधवार सुबह करीब चार बजे उसकी दो नाबालिग बेटियां घर से बिना बताए कहीं चली गईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस को पिता ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के एक वार्ड की रहने वाली युवती 11 मार्च की सुबह करीब 4 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला।

# तिरपाल में जिंदगी गुजार रही मंजू को मिलेगा आवास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** धरौली वार्ड नंबर-5 में रहने वाली विधवा मंजू अपनी चार मासूम बेटियों के साथ तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर है। जानकारी मिलते ही एसडीएम अनुराग सिंह ने विधवा पेंशन का आवेदन स्वीकृत कराये जाने का निर्देश दिया। ईओ ने उसके घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आश्वासन दिया कि जल्द ही आवास उपलब्ध कराये जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

मंजू के पति सतनाम की करीब एक वर्ष पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पति के निधन के बाद परिवार का सहारा खत्म हो गया और चार छोटी-छोटी बेटियों की जिम्मेदारी अकेले मंजू के कंधों पर आ गई। ससुराल और मायके से कोई मदद न मिलने के कारण वह मजदूरी कर बेटियों का पेट भरने के लिए संघर्ष कर रही है। हालात इतने खराब हैं कि रहने के लिए पक्का घर तक नहीं है। मंजू अपनी बेटियों के साथ तिरपाल के सहारे जीवन गुजार रही है। बरसात में पानी टपकता है।


महिला की समस्या सुनते ईओ।

# विभिन्न स्थानों से दो बाइकें चोरी

**बाराबंकी: अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले सामने आए हैं।

पहला मामला कोतवाली नगर क्षेत्र का है। गद्दईपुर थाना जहांगीराबाद निवासी मनीष कुमार वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आर्यावर्त बैंक शाखा विजय नगर के पास स्थित एक स्टोर में कार्यरत हैं। 6 फरवरी की सुबह वह बाइक से स्टोर पहुंचे थे। कुछ देर बाद वापस लौटे तो बाइक गायब थी। दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि 10 मार्च को वह पुत्र की बाइक से एक लॉन में निमंत्रण समारोह में गए थे। लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली।

**लापरवाही** अम्बौर-किसुनपुर माइनर की पुलिया तक बनी सड़क पर राहगीरों का चलना दूभर

# तीन माह में उखड़ी सड़क, अधूरा पड़ा है नाला

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक मसौली की ग्राम पंचायत अम्बौर में करीब तीन माह पहले जिला पंचायत द्वारा बनवाई गई डामर सड़क उखड़ना शुरू हो गई है।

राम नरेश के घर से अम्बौर-किसुनपुर माइनर की पुलिया तक बनी सड़क से जगह-जगह बजरी निकल गई है, जिससे राहगीरों का चलना तक दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क को वर्षों तक चलना चाहिए था, वह तीन महीने भी नहीं टिक सकी, जिससे निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं पाटन सूरी मंदिर से तालाब तक जिला पंचायत द्वारा बनवाया गया आरसीसी नाला भी अधूरा छोड़ दिया गया है और उसे ढका तक नहीं गया, जिससे लोगों को परेशानी के साथ खतरे का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्राम निवासी हिमांशु ने इस मामले की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई थी।

इस पर ग्राम सचिव अम्बौर ने अपनी आख्या में स्पष्ट किया कि सड़क का निर्माण करीब तीन माह पहले जिला पंचायत बाराबंकी द्वारा कराया गया था और उसकी बजरी उखड़ गई है, जिसका ग्राम पंचायत से कोई संबंध नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि मानकों की अनदेखी कर कराए गए निर्माण कार्य का शिलान्यास तो जनप्रतिनिधियों ने कर दिया, लेकिन जमीनी हकीकत तीन महीने में ही सामने आ गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए सड़क की मरम्मत और नाले का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।


सड़क से जगह जगह उखड़ी बजरी। ● अमृत विचार


अधूरा पड़ा नाले का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

# डीडी ने दो ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या मंडल के उपनिदेशक पंचायत अरविन्द कुमार ने विकास खंड सूरतगंज की रायपुर और फिरोजपुर ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं में कमियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधानों को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों पंचायतों के अंत्येष्टि स्थलों का जायजा लिया और शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने का निर्देश फिरोजपुर के ग्राम प्रधान सुरेन्द्र कुमार तथा रायपुर के प्रधान पुत्र अंकित श्रीवास्तव को दिया। पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय में साफ-सफाई व पेंटिंग की कमी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। गांव के सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी मिलने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत पुष्पा मिश्रा को सफाईकर्मियों से तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। रायपुर पंचायत के सचिव विजय सिंह के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर डीडी पंचायत ने एडीओ पंचायत से जानकारी ली। बताया गया कि सचिव एक दिन के आकस्मिक अवकाश पर हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि सचिव विजय सिंह को तीन दिन के भीतर पत्रावली के साथ मंडलीय कार्यालय में उपस्थित कराया जाए।

## ताराश्री फाउंडेशन ने शुरू किया डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम


कार्यक्रम के दौरान संस्थापक विभा व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन ने बाराबंकी में तीन माह का डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन की संस्थापक विभा ने किया। यह पहल सीआईआई फाउंडेशन (सीआईआईएफ) और इन्फोसिस के सहयोग से संचालित की जा रही है, जबकि कार्यक्रम का समन्वय डॉ. स्नेहलता द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए परीक्षा के बाद 60 युवाओं का चयन किया गया है, जिन्हें तीन माह तक कंप्यूटर और डिजिटल तकनीक से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जाएगी। मुख्य ट्रेनर श्रीकांत शुक्ला हैं। इस अवसर पर विभा ने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज के समय की बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम के बाद बीती 28 फरवरी को आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर के तहत बने 47 चश्मों का भी वितरण किया गया। इस मौके पर विभा, रमा गोयल, अनीता, शाश्वत, डॉ. स्नेहलता, श्रीकांत, कुसुम सहित सभी 60 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम


मार्ग का लोकार्पण करते विधायक। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर स्थित सर्वोदय बाल विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में विधायक दिनेश रावत मुख्य अतिथि और जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और क्षेत्र पंचायत निधि से सात लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नवनिर्मित शौचालय का लोकार्पण किया। इसी अवसर पर ग्राम रामपुर में लगभग 2,50,000 रुपये की लागत से बने 100 मीटर खंडजा मार्ग का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह 'मोनू', पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ल, विद्यालय प्रबंधक राजेश प्रताप सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश कुमार, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन भक्त भावविभोर


आरती करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रसूलपुर स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित अभिनव महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला और रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने बताया कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से पति रूप में मिलने की इच्छा व्यक्त की, जिसे पूरा करने के लिए कृष्ण ने शरद पूर्णिमा की रात यमुना तट पर महारास का आयोजन किया। गोपियां सज-धजकर निर्धारित समय पर यमुना तट पर पहुंचीं और कृष्ण की बांसुरी की धुन पर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर उनके पास पहुंच गईं। इसके बाद पंडित अभिनव जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथा के दौरान पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने पहुंचकर पूजन-अर्चना कर आशार्वाद लिया।

## शीतला अष्टमी पर हुआ मेले का आयोजन


निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** शीतला माता मंदिर पर शीतला अष्टमी पर मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री शीतला माता मंदिर समिति की ओर से श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के तहत पुरानी तहसील मुख्यालय से शीतला माता मंदिर तक श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली गई। विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। शाम सात बजे से शुरू हुई भजन संध्या में अमित नामा (जयपुर), पंकज सांवरिया (झारखंड), दीपांशी तिवारी और मेघा शर्मा (कानपुर) सहित भजन प्रवाहकों ने पूरी रात बाबा खाटू श्याम और मां की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान राहुल झमाझम झांकी दल ने आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत कीं।

## कोल्ड स्टोरेज की क्षमता पूरी


कोल्ड स्टोर में भंडारित किया जाता आलू। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बिहुरा (दादनपुर मोड़) पर बने नवनिर्मित श्री बाला जी कोल्ड स्टोरेज ने शुरू होते ही बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सीजन में जिले का यह पहला कोल्ड स्टोरेज बन गया है जिसकी पूरी भंडारण क्षमता भर गई है। यहां कुल 1 लाख 31 हजार बोरी आलू भंडारित किया गया है। कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक राजेश कुमार मौर्य और किसानों के साथ उनके भरोसेमंद संबंधों के चलते आसपास के गांवों के किसान बड़ी संख्या में यहां आलू भंडारण कराने पहुंचे। प्रबंधक राजेश कुमार मौर्य ने सभी किसान भाइयों का आभार जताते हुए कहा कि किसानों के विश्वास और सहयोग से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि किसानों को बेहतर सुविधा और सुरक्षित भंडारण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

## महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जनसुनवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति आज जनसुनवाई करेंगी। यह जनसुनवाई सुबह 11 बजे डीआरडीए सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया कि जिन पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्या आयोग की सदस्या के समक्ष प्रस्तुत करनी है, वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर पलटने से मिस्त्री की मौत

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। इसमें ट्रैक्टर मिस्त्री की मौत हो गई। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नसरतपुर जंगलेमऊ गांव निवासी पप्पू रावत (42) ट्रैक्टर की रिपेयरिंग का काम करता था। गुरुवार को वह कोतवाली क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी भौलीबाज का ट्रैक्टर रिपेयर करने गया था। जहां पर ट्रैक्टर बनाकर उसका ट्रायल ले रहा था। तभी रफ्तार अधिक होने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। उसके नीचे दबकर पप्पू की मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी पप्पी व मां गंगादेवी रो-रोकर कर बेहाल हैं। उसके 4 बच्चों में बच्चों बेटे शुभम, शिवम, सत्यम व बेटी शिवांशी हैं। हसनगंज कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटने से युवक की मौत हुई है। शव मोर्चरी भेजा गया है

### होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** भारतीय रिज़र्व बैंक परिवार शुक्लागंज-उन्नाव की ओर से होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह 14 मार्च को दोपहर 2 बजे से पोनी रोड स्थित शशि विला गेस्ट हाउस में होगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय रिज़र्व बैंक परिवार से जुड़े बच्चों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसमें नगर पालिका गंगाघाट की चेयरमैन कौमुदी पाण्डेय मुख्य अतिथि रहेंगी। इसके अलावा कई गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे। इस दौरान परिवार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे व फूलों की होली भी खेली जाएगी। अतिथियों व उपस्थित लोगों के लिए ठंडाई व जलपान की व्यवस्था की गई है।

# पेट्रोल-एलपीजी की कालाबाजारी पर खैर नहीं

## पेट्रोलियम उत्पादों की किल्लत अफवाह उड़ाने वालों को डीएम ने दी चेतावनी, बैठक कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले में पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही किल्लत की खबरों को डीएम गौरांग राठी ने निराधार व भ्रामक बताया है। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और उपभोक्ताओं को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

डीएम ने एसपी जयप्रकाश सिंह की मौजूदगी में पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों, गैस एजेंसी स्वामियों व तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इसमें उन्होंने



बैठक में अफसरों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी।

कहा कि जो लोग इस स्थिति का फायदा उठाकर भंडारण या कालाबाजारी करने की कोशिश करेंगे उन पर गंभीर धाराओं में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों को भी चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने व कालाबाजारी रोकने के लिए सप्लाई, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई गई है। यह टीम रात से ही सक्रिय हो गई है। डीएम ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग की सघन चेकिंग की जाए। गैस सिलेंडर की डिलीवरी केवल पंजीकृत मोबाइल पर प्राप्त वेरिफिकेशन के माध्यम से ही की जाए। भ्रम की स्थिति समाप्त करने के लिए डीएम ने सभी गैस एजेंसियों, गोदामों, डिलीवरी वाहनों व पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिये कि वे अपने परिसर में पर्याप्त उपलब्धता संबंधी फ्लेक्स व बैनर लगवाएं। साथ ही कोटेदारों को भी अपनी दुकानों पर जागरूकता बैनर प्रदर्शित करने को कहा गया है। बैठक में एडीएएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, जिला पूर्ति अधिकारी राजबहादुर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने देखी गैस एजेंसी में वितरण व स्टाक की स्थिति

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर मचे शोर के बीच एसडीएम शिवेंद्र कुमार वर्मा ने गुरुवार को जमालनगर गांव स्थित एचपी गैस एजेंसी के कार्यालय व गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस वितरण व्यवस्था व उपलब्ध स्टॉक की जानकारी ली। एजेंसी संचालक ने एसडीएम को बताया कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर बुकिंग के बाद मिलने वाले ओटीपी के आधार पर ही दिया जा रहा है। बताया कि एजेंसी में पर्याप्त स्टॉक है और नियमानुसार सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। एसडीएम ने गोदाम में मौजूद सिलेंडरों के स्टॉक भी जांचा। उन्होंने बताया कि जांच में किसी प्रकार की समस्या नहीं मिली है। प्रयास है कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। ताकि त्योहारों के दौरान किसी को परेशानी न हो।



राजधानी मार्ग स्थित गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़।

### गैस की किल्लत की अफवाह से लोग परेशान, लाइनें लगाने को मजबूर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** तेल-गैस की किल्लत की अफवाहों के बीच शुक्लागंज की विभिन्न गैस एजेंसियों पर रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है। जिससे अफरा-तफरी की स्थिति है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर यह अफवाह फैल रही है कि ईरान व इजरायल के बीच जारी संघर्ष के चलते तेल-गैस के डिपो को नुकसान पहुंच रहा है। जिससे आने वाले दिनों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित हो सकती है। इस भ्रामक खबर के चलते उपभोक्ताओं में गैस संकट की आशंका पैदा हो गई है। सुबह से ही इंडेन गैस एजेंसी, शिव शक्ति गैस एजेंसी व शौर्य गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर पाने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर विदेशों से आने वाली गैस पर रोक लगी तो उनके घरों का चूल्हा नहीं जल पाएगा। इसलिए वे स्टॉक करना चाहते हैं।

# आधुनिक वाहनों को दिखाई हरी झंडी

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद उन्नाव की अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक व सुदृढ़ बनाने के लिए गुरुवार को लखनऊ बाईपास स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में पूजन कर नगर पालिका द्वारा खरीदे गए 17 नए आधुनिक वाहनों व मशीनों को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में रवाना किया।

इनमें 7 सीएनजी टाटा इंट्रा वाहन कचरा संग्रहण हेतु, 5 ट्रैक्टर, 1 बैकहो लोडर जेसीबी, 1 सीवर जेटिंग मशीन, 1 टीएमएक्स मशीन, 1 पावर बूम, 1 मोबाइल टॉयलेट शामिल है। इन संसाधनों के जुड़ने से अब नाली-



हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना करतीं पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

नाला सफाई, सीवर प्रबंधन व कचरा निस्तारण का कार्य तकनीकी रूप से और अधिक प्रभावी हो सकेगा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए शहर में व्यापक नाला सफाई अभियान आज से ही शुरू कर दिया गया है। मशीनों व श्रमिकों के जरिए मुख्य व आंतरिक नालों की सफाई की जाएगी। ताकि जल निकासी सुचारु रहे और नागरिकों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। इस दौरान ईओ, सफाई इंस्पेक्टर, सफाई कर्मी आदि रहे।

## तालाब में उतराता मिला शव, पहचान नहीं

**उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के हैदराबाद कस्बा स्थित तालाब में युवक का शव उतराता मिला। पुलिस ने लोगों की मदद से शव बाहर निकलवाया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। हैदराबाद कस्बा के बाहर गुरुवार सुबह तालाब में लोगों में एक युवक का शव उतराता देखा। सूचना मिलने पर एसओ फोर्स के साथ पहुंचे और शव बाहर निकलवाया। वह कत्थई अंडरवियर व गले में प्लास्टिक की रस्सी व मोतियों की माला पहने है और दाहिने हाथ में टैटू बना है। शव के 4 से 5 दिन पुराना होने के कयास लगाए गए हैं। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गंगा पुल पर खर्च की मिली अनुमति

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ट्रांस गंगा सिटी से कानपुर को जोड़ने वाले प्रस्तावित गंगा पुल के निर्माण पर एक दशक से चल रही प्रक्रिया के बाद अब धन खर्च करने की अनुमति मिल गई है। किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने इसे किसानों की लंबी लड़ाई की जीत बताया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष-2013 में ट्रांस गंगा सिटी परियोजना के समझौते से पहले किसानों ने यह शर्त रखी थी कि जब तक यूपीएसआईडीसी (अब यूपीसीडा) ट्रांस गंगा सिटी के लेआउट प्लान में कानपुर से ट्रांस गंगा सिटी तक केविल पुल के निर्माण को शामिल




ट्रांस गंगा सिटी में लगा बोर्ड।

नहीं करेगा तब तक कोई समझौता नहीं होगा। बाद में विभाग ने पुल को योजना में शामिल किया। इसके बाद जनवरी-2014 में किसानों व विभाग के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए। अजय अनमोल के अनुसार इस पुल का उद्देश्य कानपुर व उन्नाव के सर्वांगीण विकास को गति देना व आसपास के किसानों की उन्नति सुनिश्चित करना था। हालांकि बीच के वर्षों में विभिन्न सर्वे व प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण पुल का निर्माण कार्य लगातार टलता रहा। जिससे इसकी लागत भी बढ़ गई। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक प्रयास व शासन स्तर पर लगातार वार्ता के बाद अब इस परियोजना पर धन खर्च की अनुमति मिल पाई है। यह भी स्पष्ट किया कि पुल का खर्च ट्रांस गंगा सिटी परियोजना लागत में शामिल है। जिसे प्लॉट खरीदने वालों द्वारा वहन किया जाएगा। किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पुल बनने से कानपुर व उन्नाव के विकास को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्र के किसानों की जमीनों के दाम और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# पीएम व सीएम को भेजे पोस्टकार्ड

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** वरिष्ठ शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में विकासखंड सफीपुर के शिक्षक अटवा सफीपुर में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले एकत्र हुए और पोस्टकार्ड के माध्यम से संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भेजकर टेट की अनिवार्यता लागू न करने की मांग की।

शिक्षक नेता संजीव संख्वार, अमित तिवारी, सौरभ कुशवाहा आदि ने कहा कि आरटीई लागू होने से पूर्व जो भी शिक्षक नियुक्त हुए हैं उनके साथ इतने वर्षों की




परिचय : पोस्टकार्ड भेजते संघ के पदाधिकारी।

- **टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आदोलन जारी**

सेवा के बाद इस तरह का कोई भी कदम अन्यायपूर्ण है। इससे देश का शिक्षक आंदोलित है। अगर इस पर जल्द ही कोई शिक्षक हित में निर्णय नहीं होता है तो देश भर का शिक्षक संसद भवन के सामने लोकतांत्रिक ढंग से प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। सभा में ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, राजवीर यादव, सुमित गुप्त, कमलदीप कौर, विश्वनाथ तिवारी, ऋतु त्रिवेदी, सूरज गुप्ता, मनोज कुमार, सुधीर कुशवाहा, अमित, अनुपमा, मदन, शशि प्रभा, सारिका, ममता, अनीता, वंदना, विजय मिश्रा, सरोजनी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## 38 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

**उन्नाव, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं गुरुवार को समाप्त हो गईं। अंतिम दिन 1160 छात्रों में 1122 उपस्थित व 38 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हाईस्कूल कृषि में 12 छात्रों में 11 उपस्थित व 1 अनुपस्थित रहे। जबकि इंटर कंप्यूटर में 148 छात्रों में 144 उपस्थित व 4 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में 160 छात्रों में 155 उपस्थित व 5 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटर संस्कृत विषय में 1000 छात्रों में 967 उपस्थित व 33 अनुपस्थित रहे। सीसीटीवी की निगरानी के चलते पूरी परीक्षा में कोई नकलची नहीं पकड़ा गया।

# कक्ष निरीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, उन्नाव,

**अमृत विचार।** शहर के 8 केंद्रों में 14 व 15 मार्च को होने वाली उप निरीक्षक परीक्षा के लिए गुरुवार को सभी केंद्रों में केंद्र व्यवस्थापक की अध्यक्षता में कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बताया गया कि सुबह 7 बजे आना है और दोनों पालियों की परीक्षा होने के बाद ही जाना होगा। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने भी जरूरी निर्देश दिए।

बता दें कि उप निरीक्षक परीक्षा के लिए शहर में अटल बिहारी इंटर कॉलेज, डीएसएन पीजी कॉलेज ब्लॉक ए व बी, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दही चौकी, डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोतीनगर, राजकीय इंटर कॉलेज सिविल लाइन व श्यामकुमारी सेठ इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर 240 से 480 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दो पालियों में होने वाली परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और शाम 3 से 5 बजे तक होगी। प्रथम पाली की परीक्षा के लिए छात्रों को सुबह 8 से 9:30 बजे तक केंद्र में प्रवेश करना होगा। जबकि द्वितीय पाली में प्रतिभाग करने के लिए दोपहर 1 बजे से 2:40 तक केंद्र में प्रवेश करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने ली ब्रीफिंग

**उन्नाव, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। इसमें जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसएसपी जय प्रकाश सिंह व एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने परीक्षा से जुड़े परीक्षा प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सुरक्षा प्रभारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी व एसएसपी ने परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए।

## चरस तस्कर को 10 साल की सजा, 1 लाख जुर्माना

**उन्नाव, अमृत विचार।** चरस की तस्करी में पकड़े गए आरोपी को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए उसे 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 1 लाख का जुर्माना भी लगाया है। जिसे अदा न करने पर उसे 6 माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। बता दें कि 2 फरवरी-2024 को दही थाना पुलिस आवास विकास कालोनी के पास चेकिंग कर रही थी। तभी शक के आधार पर एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। इस पर पुलिस कर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तालाशी में उसके पास 1.300 किलो चरस मिली थी। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल पुचक्का निवासी राजेपुर वाजिदपुर थाना दही बताया।

## क्रिकेट बैट से हमले में घायल युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**उन्नाव, अमृत विचार।** क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में पड़ोसी ने बैट से युवक पर हमला कर दिया। घायल युवक की इलाज के दौरान 9वें दिन सांसे थम गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादातन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर चिरयारी निवासी भूपेन्द्र (23) पुत्र सूरज पाल सिंह बीती 3 मार्च को गांव के बाहर दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। जहां मैच के बाद किसी बात को लेकर उसका पड़ोसी अमित पुत्र मुनादी से विवाद हो गया। इस पर अमित ने भूपेन्द्र के सिर पर क्रिकेट बैट से वार कर दिया। इससे भूपेंद्र वहीं बेहोश हो गया था। परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया। बुधवार देरशाम उसकी मौत हो गई। शव लेकर लौटे पिता ने हसनगंज कोतवाली में दिये प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि रंजिश के चलते मैच के दौरान उसके बेटे के सिर पर हमला किया गया। भूपेंद्र 4 भाई-बहनों में छोटा था। उसकी मौत से मां सावित्री, भाई संदीप व बहन कुसमा व अर्चना बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी शरद चंद्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को किया गया जागरूक

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** त्योहार व स्थानीय मेलों की वजह से विद्यालय में बच्चों की कम उपस्थिति देख विकासखंड बिछिया के प्राथमिक विद्यालय डीह द्वितीय में एसआरजी डॉ. रचना सिंह ने हर कक्षा के अनुपस्थित छात्रों के अभिभावकों को फोन से संपर्क कर बच्चों की अनुपस्थिति का कारण जाना और अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर बैठक का आयोजन किया। इसमें कक्षा में बच्चों की नियमित उपस्थिति के महत्व के बारे में समझाया व अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। बताया कि



बैठक को संबोधित करतीं डॉ. रचना सिंह। अमृत विचार

आगामी 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं होने जा रही हैं। इस समय विद्यालय में पाठ्यक्रम दोहराव का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। बैठक में अभिभावकों ने इसका समर्थन किया। इसमें अभिभावकों में सरस्वती, रामदेवी, किरन, सपना, काजल, रेनू, विनोदिनी, मीरा, स्नेहलता, माधुरी, विन्धरेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

## कचहरी के सामने पड़ा मिला अधेड़ का शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत कचहरी के गेट के पास गुरुवार सुबह एक अधेड़ का शव पड़ा मिलने से लोगों की भीड़ लग गई। उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कराकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसकी सेप्टीसीमिया बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है। सदर कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला मोती नगर निवासी विनोद पाल (51) की पत्नी शादी के कुछ दिन बाद उसे छोड़ गई थी। इसके बाद उसने मोती नगर मोहल्ला स्थित मकान का अपना हिस्सा बेच दिया था। इसके बाद वह इधर-उधर मजदूरी कर वहीं रुक जाता था। गुरुवार सुबह कचहरी के गेट संख्या -3 के सामने मंदिर के पास लोगों ने उसका शव पड़ा देखा।



होली मिलन समारोह में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

### समिति का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**उन्नाव, अमृत विचार।** श्री जी सामाजिक सेवा समिति द्वारा एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें संस्था की सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व फूलों की होली खेलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता कर रही मंजू अवस्थी ने उपस्थित महिलाओं का स्वागत किया। इस दौरान होली के पारंपरिक गीतों व भजनों पर महिलाओं ने नृत्य कर खुशी जताई। इसका मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ाना व समाज सेवा के संकल्प को मजबूत करना रहा। अंत में अध्यक्षा मंजू अवस्थी ने कहा कि होली का पर्व हमें भेदभाव भूलकर प्रेम के रंग में रंगने की प्रेरणा देता है। संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एकता व सेवा के कार्यों में अग्रणी रहेगी।

**होली** | न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को लगाए गुलाल

# बार और बेंच का सामंजस्य जरूरी : जिला जज

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जनपद न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज अनिल कुमार वर्मा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनिल कुमार शुक्ल, एमएसीटी पीठासीन अधिकारी विवेकानन्द शरण त्रिपाठी व बार अध्यक्ष गिरीश मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। जिला जज ने अधिवक्ताओं को



जिला जज को प्रतीक चिन्ह देते बार अध्यक्ष। अमृत विचार

संबोधित करते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था की मजबूती के लिए बार और बेंच का सामंजस्य जरूरी है। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन देते हुए पूरे न्यायिक परिवार की ओर से बधाई दी। इसमें कलाकारों ने राधा-कृष्ण के रूप में मनमोहक होली नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें महामंत्री अनुज बाजपेयी ने खुद सम्मिलित होकर चार चांद लगा दिए। जिसकी सभी ने सराहना की। होली के रंगों के बीच कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। उमाशंकर यादव, विनय शंकर दीक्षित, गुलाब सिंह द्वितीय व त्रिभुवन सिंह चन्देल ने काव्य पाठ किया। अंत में बार अध्यक्ष गिरीश मिश्र ने भी अपनी कविताओं से अधिवक्ताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर एल्डर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य रश्मि मोहन अग्निहोत्री, पूर्व अध्यक्ष रामसुमेर सिंह, ओपी पांडेय, सूरज कुमार बाजपेयी, पूर्व महामंत्री बृजेन्द्र मोहन बाजपेयी, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## अगवाकर पीटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव में अधेड़ समेत 3 लोगों को अगवाकर पीटने के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है जबकि एक घायल अभी अस्पताल में भर्ती है। वहीं तीसरे ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उसे गवाह बनने की सलाह देकर वापस भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि बीती 8 मार्च की रात बसधना गांव में विपिन सिंह, छोटू सनकी उर्फ शिवम सिंह, वंश सिंह व अजय सिंह ने मनोकांत, महेंद्र व रामजी को अगवाकर बेरहमी से पीटा था। जिसमें मनोकांत की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

# 14 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर विधायक पंकज गुप्ता के कैंप कार्यालय पर मासिक मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। हर माह की 12 तारीख को आयोजित होने वाले इस शिविर में इस बार भी बड़ी संख्या में क्षेत्र के जरूरतमंदों ने अपनी आखों की जांच कराई। संचालन सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता ने किया। उन्होंने शिविर में आए हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और समस्याओं को सुना। प्रखर गुप्ता ने कहा कि इस नेत्र शिविर का मुख्य उद्देश्य उन लोगों के जीवन में उजियारा लाना है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी आखों का इलाज




शिविर में लोगों को सम्बोधित करते विधायक पुत्र प्रखर गुप्ता।

- **नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर में लोगों की आंखों का हुआ परीक्षण**

नहीं करा पाते हैं। इस कार्य में साईं आई हॉस्पिटल व हनुमन्त जीव आश्रय सेवा संस्थान ने तकनीकी व सेवात्मक सहयोग किया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से आखों की जांच की गई। 36 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें 14 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, मंडल अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, राधेश्याम सहित अन्य मौजूद रहे।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 23वां रोज़ा–
  - अफ्तार–शुक्रवार 6 :16 बजे
- 24वां रोज़ा–
  - सहरी–शनिवार 5 :03 बजे।

# रोजगार देने में लापरवाही पर सीडीओ नाराज

## अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को कारण बताओ व पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

संवाददाता, हरदोई, कछौना



कछौना ब्लॉक में अभिलेखों को परीक्षण करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

**अमृत विचार।** सीडीओ ने विकास खंड कार्यालय कछौना की हकीकत देखी। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के शतप्रतिशत लाभार्थियों को 90 दिन का रोजगार उपलब्ध न कराए जाने पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनुज श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा पटल सहायक राज बहादुर को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही खंड विकास अधिकारी कछौना को निर्देशित किया गया कि 31 मार्च तक सभी पूर्ण आवासों के लाभार्थियों को 90 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यालय के निरीक्षण के दौरान व्यक्तिगत शौचालय के लंबित आवेदनों के निस्तारण, आरआरसी सेंटर के संचालन तथा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अपीलीय अधिकारी के स्तर पर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त एनआरएलएम कार्यालय का भी निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। ब्लॉक निरीक्षण के उपरांत राजकीय पशु चिकित्सालय कछौना का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राप्त औषधियों की प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न पाए जाने पर फार्मासिस्ट श्री अशोक कुमार का वेतन बाधित करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय बीडीओ महेश चंद्र, एडीओ पंचायत संतोष कुमार, एडीओ ग्राम विकास रविंद्र पांडेय, पशु चिकित्सालय डॉ. आशीष कुमार (पशु चिकित्सा अधिकारी) एवं अशोक कुमार (फार्मासिस्ट) भी मौजूद रहे।

### लेखाकार को प्रतिकूल प्रविष्टि व बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

हरदोई। निरीक्षण के दौरान शिकायत पटल, स्थापना पटल एवं लेखा पटल का अवलोकन करते हुए अभिलेखों के रखरखाव एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। वित्तीय पंजिकाओं में कई प्रविष्टियों पर ब्लॉक प्रमुख के हस्ताक्षर छूटे पाए जाने पर लेखाकार राकेश कुमार श्रीवास्तव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने तथा खंड विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण किया जाए निस्तारण : डीएम




पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में गुरुवार को कुल 71 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### सिद्धनाथ बाबा पर वार्षिकोत्सव आज

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** शुक्रवार को विकास खंड भरावन के लालपुर खाले में स्थित प्राचीन सिद्धनाथ बाबा मन्दिर में 26 वां वार्षिकोत्सव मेला का आयोजन होगा। सिद्धनाथ बाबा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोकुल कश्यप नें बताया हर वर्ष की भाति फागुन माह में प्राचीन सिद्धनाथ बाबा मन्दिर में छप्पन भोग लगाया जाएगा और विशाल भण्डारे के साथ मेले का आयोजन किया जाएगा जों कि सुबह 11 बजे से शुरू होकर रात्रि तक चलेगा। और बताया वार्षिकोत्सव पर कई जनपदो से भक्तो का आना होता है।

### दो बच्चों को लेकर प्रेमी साथ फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना के एक गांव निवासी दो बच्चों की माँ दो बच्चों सहित प्रेमी के पास मध्य प्रदेश चली गई। पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी पत्नी मध्य प्रदेश के जिला भिंड के ग्राम जगतपुर निवासी बबलू पुत्र प्रेम सिंह पथरे के साथ बातचीत करती थी। 25 फरवरी को उसकी पत्नी दस वर्षीय पुत्री और 6 वर्षीय पुत्र को साथ लेकर घर से बिना बताये चली गई। शाम तक वापस न लौटने पर उसने पता लगाया तो ज्ञात हुआ कि बबलू उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित पति की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### चार के खिलाफ गाली गलौज करने का केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम दारापुर के प्रधानपति समेत चार लोगों के खिलाफ गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम दारापुर निवासी रामशंकर ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कि पूर्व की रंजिश मानकर पांच मार्च को समय करीब पांच बजे अनुराग, रजनीश, प्रधान पति प्रदीप नारायण, दीप नारायण ने गाली गलौज करके धमकी दी है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## ससुराल में पिटाई के बाद घर पहुंचे युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गर्भवती पत्नी का हाल लेने ससुराल पहुंचे पति की ससुर ने पिटाई कर दी। वहां से वह भाग कर अपने घर पहुंचा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बेनीगंज कोतवाली के सलेमपुर निवासी 26 वर्षीय सर्वेंद्र पुत्र शिवकुमार लखनऊ में दिहाड़ी पर मजदूरी करता था। सर्वेंद्र की शादी बेनीगंज कोतवाली के ही बिलंदखेड़ा की मीनू से हुई थी। मीनू गर्भवती है और करीब दो महीने से मायके में थी। पिता शिवकुमार ने बताया कि सर्वेंद्र मंगलवार को पत्नी का लेने लखनऊ से सीधे ससुराल पहुंचा, जहां ससुर छोटे ने उसे न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि बाहरी युवकों को बुला कर उसकी पिटाई करा दी, वहां से वह किसी तरह से बच कर बुधवार को घर पहुंचा, उसी दिन शाम को वह खेत पर जाने के लिए घर से निकला, उसके बाद नहीं लौटा। देर शाम को उसका शव गांव के पूरब घरेरा नदी के किनारे लुंगी से नीम के पेड़ में लटका देखा गया।

पिता का आरोप है कि सर्वेंद्र ने ससुराल में की गई पिटाई से आहत हो कर आत्महत्या की। चार भाइयों में से उसके दो भाइयों की पहले मौत हो चुकी है।

## नाटक का मंचन कर किया गया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** बेहटी ग्राम पंचायत के गांव कोडरा में संस्कृति विभाग उ.प्र. सरकार के सहयोग से धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर नाटक 'जीवन है अनमोल' का मंचन किया गया, जिसमें कलाकारों ने नाटक के माध्यम से धूम्रपान के कारण होने वाले कर्क रोग, कैंसर, एवं सेहत पर होने वाले दुष्प्रभाव और पर्यावरण में होने वाले धूम्रपान से प्रदूषण आदि मुद्दों को नाटक के माध्यम से कलाकारों ने दर्शाया। नाटक का लेखन नागपाल ने किया। मुख्य कलाकार मुस्कान, रजनीश कुमार, राजेश कुमार, मनमोहन सिंह जोती, रंजीत सिंह, अमर सिंह, नागपाल, राजवीर, प्रवीन पाल, शिवम, श्याम सुंदर वर्मा आदि कलाकारों ने अभिनय किया।

# आधा दर्जन अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



पुलिस गिरफ्त में अंतर्जनपदीय चोर। अमृत विचार

- पानी की पाइप चोरी की घटना का किया खुलासा

**अमृत विचार।** बेहटा गोकुल पुलिस, स्वाट एवं सर्विलांस पुलिस ने थाना क्षेत्र से पिछले वर्ष मार्च में जल जीवन मिशन के 58 पाइप चोरी किये जाने के मामले का खुलासा करते हुए आधा दर्शन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी के आठ पाइप और घटना में प्रयुक्त डीसीएम बरामद की गई।

26 जुलाई 2025 को जल जीवन मिशन में पाइप लाइन डालने वाले ठेकेदार बरेली जनपद निवासी हरिनंदन द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई कि 22 मार्च 2025 को ग्राम मुसेपुर थाना बेहटागोकुल से अज्ञात चोरों द्वारा 58 पाइप चोरी कर लिये गये। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। थाना बेहटागोकुल के उप निरीक्षक रविकेश कुमार, स्वाट सर्विलांस के प्रभारी राजेश सिंह, अब्दुल जब्बार और पुलिस बल द्वारा पाइप चोरी की घटना के प्रकाश में आये दीपक कुमार निवासी ग्राम शिवनगर बाईपास थाना कैंट जनपद अयोध्या, रिंकू निवासी ग्राम दीवानपुरवा थाना रौनाही जनपद अयोध्या, शिवप्रसाद निवासी ग्राम गोरियाबाद थाना जामो जनपद अमेठी, अजीत निवासी ग्राम शहरी थाना कूड़ेभार जनपद सुल्तानपुर, शंकरलाल निवासी ग्राम शिवपुर थाना जामो जनपद अमेठी और अश्वनी निवासी ग्राम बेलामऊ थाना मुंगराबाद जनपद जौनपुर को चोरी किये गये आठ पाइप व एक डीसीएम, सात मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को बताया दिन के समय रेकी कर रात को भिन्न-भिन्न स्थानों से पाइप चोरी करते थे। उन लोगों ने ही 21 मार्च को ग्राम मुसेपुर थाना बेहटा गोकुल से पाइप चोरी किये थे। वह लोग पाइप चोरी कर जनपद बहराइच के कान्ट्रेक्टर हरिओम पाण्डेय व अवनीश यादव को बेचा करते थे। बेहटा गोकुल प्रभारी निरीक्षक ने गिरफ्तार सभी चोरों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# अब कलेक्ट्रेट के सामने नहीं निकल पाएंगे भारी वाहन, लगाये गए बैरियर

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के बीचोंबीच से कचहरी के सामने भारी वाहनों का निकलना बंद हो जाएगा। गुरुवार को कचेहरी मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश न हो, इसके लिए बैरियर लगा दिए गए हैं। बताते चले कि बरेली से लखनऊ जाने वाले लोडेड ट्रक व टैंकर कचेहरी के सामने से होकर निकलते थे, जिस कारण सिनेमा रोड, नुमाइश चौराहा, स्टेशन रोड आदि पर अधिकांश समय जाम लगा करता था, साथ ही भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। इस कारण कलेक्ट्रेट के सामने बैरियर लगा दिए गए हैं। अब भारी वाहन सांडी रोड से होते हुए सरकुलर रोड से लखनऊ चुंगी पहुंचेंगे, इससे बीच नगर में भारी वाहनों से होने वाली असुविधा से लोगों को छुटकारा मिलेगा।



कचेहरी रोड पर लगाए जा रहे अवरोधक। अमृत विचार

# पति की मौत के बाद पत्नी ने भी की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

- बच्चों को लेकर शहर में रह रही थी महिला, तीन बच्चों में बड़ी बेटी की हो चुकी है शादी

**अमृत विचार।** पति की मौत के बाद उसकी पत्नी ने बच्चों की खातिर गांव छोड़ कर शहर में ठिकाना ढूंढ कर वहां किराए के मकान में रह कर गुज़र कर रही थी, जहां उसने बुधवार की रात अपनी साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

अतरौली थाने के लुधौरा गांव निवासी अमरेंद्र बाजपेई के परिवार में 48 वर्षीय पत्नी रिंकी बाजपेई के अलावा दो बेटी पल्लवी, प्रज्ञा और एक बेटा प्रबल है। करीब दो साल पहले अमरेंद्र बाजपेई की मौत हो गई थी। बच्चों को पालने के लिए काम की तलाश में पिंकी गांव छोड़कर शहर आ गई और प्रगति नगर में किराए के मकान में रहने लगी। बड़ी बेटी पल्लवी की शादी हो चुकी थी। बुधवार की रात दोनों बच्चे सो गए। रिंकी देर रात घर से बाहर से निकली और मकान के बगल में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छोटी बेटी प्रज्ञा ने बताया कि उसकी आंख खुली और मां को न देख वह आवाज़ लगाते हुए बाहर निकली, जहां उसने शव लटका देखा। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। रिंकी बाजपेई की मौत पर लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

### घर में आग लगाकर अधेड़ ने की खुदकुशी

**हरदोई, अमृत विचार।** अधेड़ कई बार आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। बुधवार की सुबह उसने घर में आग लगा दी, उसके बाद दोपहर में चुपचाप घर से निकल गया और गांव के बाहर बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घर वालों का कहना है कि वह मानसिक तौर पर बीमार रहता था। पुलिस जांच कर रही है। बिलग्राम कोतवाली के गुजरई मंगरौली निवासी 52 वर्षीय शिवरतन बुधवार को अपने घर में था, वह दोपहर में वहां से निकल गया और गांव के पूरब खलील के बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जैसा कि बताते है कि शिवरतन मज़दूरी करता था, उसके परिवार में पत्नी रेखा के अलावा दो बेटे लाला, छोटू और तीन बेटियां रिंकी, नीतू व सोनी है। मानसिक तौर पर बीमार रह रहा शिवरतन पहले भी कई बार आत्महत्या करने की कोशिश कर चुका था, तब से वह घर वालों की निगरानी में रहता था, बुधवार की सुबह उसने घर में आग लगा दी थी, जिसे बमुश्किल काबू किया गया, उसके बाद चुपचाप घर से निकल गया और फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## अधिक नम्बर दिलाने का लालच देकर प्रिंसिपल ने की छेड़छाड़

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

- 12वीं की छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भगवन्तपुर मजरा ममरेजपुर निवासी 12वीं की छात्रा ने बसेन बरौली स्थित बृजकिशोर निर्मला देवी इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य पर अधिक नम्बरों का लालच देकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए बेनीगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के प्रतापनगर बघौली रोड पर बरौली बसेन गांव के पास स्थित बृजकिशोर निर्मला देवी इण्टर कालेज के बारहवीं की छात्रा ने कालेज के प्रधानाचार्य मंजेश पुत्र अज्ञात आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधानाचार्य मंजेश ने मुझे अधिक नम्बरों का लालच देकर परीक्षा में पास कराने की बात कहकर हाथ पकड़ते हुए छेड़छाड़ करते है, मुझे बदनाम करने की नीयत से मेरे साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जिसका विरोध करने पर मंजेश मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। बेनीगंज कोतवाली प्रभारी ने छात्रा की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए बताया कि जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



छात्र-छात्राओं से संवाद करते एसपी अशोक मीणा। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने समझी पुलिस की कार्य प्रणाली

**हरदोई, अमृत विचार।** सीएसएन कालेज के छात्र-छात्राओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पुलिस कार्यालय में जाकर समझा। पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने पुलिस की आवश्यकता, पुलिस के कार्यों के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को समझाया। एसपीईएल कार्यक्रम के तहत सीएसएन कालेज के छात्र-छात्राएं एसपी आफिस पहुंची, जहां उन्हें मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, यातायात नियम, पुलिस संरचना व पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को पुलिस के कार्य व्यवहार से परिचित कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के मन से पुलिस से भय निकालना तथा पुलिस की सकारात्मक छवि को समझना था। विभिन्न कार्यालयों में पुलिस के तमाम क्रियाकलापों के बारे में मौके पर पहुंच कर छात्र-छात्राओं ने अनुभव प्राप्त किया।

## सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** विद्युत वितरण खंड शाहाबाद के नरहाई फीडर के मीटर रीडर और सुपरवाइजर ने एक दबंग पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। अधिशासी अभियंता ने पुलिस को पत्र भेज कर आवश्यक कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। अधिशाषी अभियंता भजन लाल के अनुसार नरहाई फीडर के ग्राम झोथूपुर में टीम के साथ गए सुपरवाइजर रोहित यादव और मीटर रीडर नवनीत कुमार विभागीय कार्य हेतु गुरुवार को दोपहर में गए थे। गांव निवासी विवेक कुमार ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया।

## क्लीनिक चला रहे डॉक्टर की दवा से नुकसान करने का लगाया आरोप

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव हथौड़ा निवासी ब्रजेश सिंह द्वारा एक शिकायती पत्र देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अपनी आप बीती सुनाई है। हथौड़ा चौराहे के पूर्व स्थित एक क्लीनिक जो एक युवक द्वारा चलाया जा रहा है।

पीड़ित ब्रजेश के पास 16 फरवरी को बुखार आ जाने से मेडिसन लेने गया था, मेडिसन खाने के बाद पीड़ित के शरीर पर छाले पड़ने लगे और पूरे शरीर पर खुजली होने लगी। पीड़ित ने इसकी शिकायत डा. अंकित कुमार से की तो डॉक्टर ने अपना रौब झड़ना शुरू कर दिया, पीड़ित ने फर्जी क्लिनिक चला रहे डॉक्टर से जब डिग्री दिखाने के लिए कहा तो डाक्टर मारपीट पर अमादा हो गया। पीड़ित ने अपना इलाज फर्रुखाबाद से करवाया, जिसमें समय के साथ-साथ काफी खर्चा भी हुआ है। पीड़ित ने बताया कि गांव में झोलाछाप लोगों के साथ बिना डिग्री के अपना फर्जी क्लिनिक चला रहे हैं और साथ ही जानमाल का खिलवाड़ कर रहे हैं।

### बोले सीएमओ

**हरदोई।** सीएमओ डा. भाव नाथ ने कहा कि गांव में डाक्टरी करने की उन्हें शिकायत मिली है इसकी जांच कराई जा रही है। दोषी व्यक्ति को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

**आयोजन** | ग्राम नगरिया में आयोजन होली मिलन समारोह में पहुंचीं मंत्री ने कहा

# होली पर बैर भुलाकर गले लगाने का अवसर

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम नगरिया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रहीं। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता टोडरपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने की।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्रीमती तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा होली का त्यौहार आपसी प्रेम और गिले शिकवे मिटाने का बहुत सुंदर अवसर होता है। इस त्यौहार में लोगों को पुराने आपसी भेदभाव मिटाकर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी को समान रूप से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा कि सरकार ने किसानों के हित के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई हैं। गरीब वर्ग को मुफ्त राशन, महिलाओं को स्वावलंबित करने के लिए मिशन शक्ति जैसी ऐतिहासिक योजनाओं का संचालन किया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहित सिंह, विमल पाण्डेय, वैज नाथ पाण्डेय सहित गणमान्य लोग और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



होली मिलन समारोह में विचार व्यक्त करतीं उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी।

## नाले से निकाले गए शव की शिनाख्त नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के बगल में कसरवां गांव के पास छोहा नाले में महिला का शव पड़ा देखा गया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी है। गुरुवार को दूसरे दिन भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बताया गया है कि बुधवार की देर शाम बिलग्राम रोड पर कसरावां महिला का शव पड़ा मिला। वहां से निकल रहे लोगों ने शव देखा। पुलिस से निकले छोहा नाले में एक महिला का औंधे मुंह शव पड़ा देखा गया, इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी है, साथ ही फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है। गुरुवार अगले दिन भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# प्रभु का प्रेम अनंत और असीम

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** सावन कृपाल रूहानी मिशन के तत्वावधान में ग्राम मझिया जाफरपुर में बी क्लास सेंटर का शुभारंभ हुआ, जिसका शुभारंभ जोनल इंचार्ज अजय रैतानी ने किया।

इस अवसर पर मिशन के वरिष्ठ मनमोहन सिंह भाटिया ने अपनी गजलें के द्वारा समा बांध दिया। गुरुवार को सत्संग में चर्चा हुई। प्रभु का प्रेम आत्मा के लिए अनंत और असीम है। वैसे ही सतगुरु का प्रेम अपने हर शिष्य के लिए भी असीम है। यह प्रेम कभी खत्म नहीं होता। यह दुनिया के प्रेम जैसा नहीं है जो समय के साथ फीका पड़ जाए। सतगुरु का प्रेम अनंत होता है चाहे सतगुरु और शिष्य बूढ़े हो जाएं या उनके शरीर नष्ट हो जाएं, उनका प्रेम तब तक जीवित रहता है जब तक की सतगुरु शिष्य को प्रभु की गोद में पहुंचा नहीं देते। इस अवसर पर सचिव गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 12: से दो बजे तक मांझीय जाफरपुर में इसी स्थान पर आध्यात्मिक सत्संग एवं ज्ञान की कार्यशालाओं का आयोजन होता रहेगा। इस अवसर पर राजाराम कनौजिया, जगदीश प्रसाद, बाबूराम कनौजिया, हरिश्चंद्र, गंगाराम, प्रधान लालता प्रसाद व प्रधान महावीर सहित सैकड़ों सत्संगी मौजूद रहे।



सत्संग में बोलते संत। अमृत विचार



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.49 बजे
अफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.55 बजे
अफ्तार : 06.16 बजे

# जलधाराओं से पाताल तक जाता है प्रसाद

संवाददाता, मिश्रिख (सीतापुर)

**अमृत विचार :** 88 हजार ऋषियों की पावन तपोभूमि नैमिषारण्य के समीप, आदि गंगा गोमती के पावन तट पर स्थित रुद्रावर्त तीर्थ अपनी अलौकिक महिमा के लिए श्रद्धालुओं के बीच अटूट श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

सामान्यतः नदियों में फूल या फल प्रवाहित करने पर वे लहरों के साथ बह जाते हैं, लेकिन रुद्रावर्त में स्थिति बिल्कुल उलट है। भक्त जब यहां ऊं नमः शिवाय का जाप करते हुए फल, बेलपत्र या दूध अर्पित करते हैं, तो वह सामग्री नदी की सतह पर तैरने के बजाय सीधे जल के भीतर गहराई में समा जाती है। इतना ही नहीं यहां दूध चढ़ाते समय वह पानी में घुलता नहीं है, बल्कि एक पतली श्वेत धार बनकर सीधे नीचे की ओर चला जाता है।





मंदिर के बाहर नंदी की प्रतिमा एवं नदी में दूध अर्पित करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- **सोमवार और महाशिव रात्रि पर बड़ी संख्या में आते हैं श्रद्धालु**

**आस्था के साथ अटूट मान्यताएं :** सावन के सोमवार और महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर यहां जनसैलाब उमड़ पड़ता है। यहां देखा जाता है कि कई बार अर्पित किए गए फलों में से कुछ फल जल की गहराई से पुनः ऊपर आ जाते हैं। इसे भक्त महादेव का 'साक्षात प्रसाद' मानकर अपने साथ घर ले जाते हैं। मान्यता है कि इस प्रसाद को ग्रहण करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

## जिला जज ने किया जेल का निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखीं

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आशीष जैन ने जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला व किशोर बैरक सहित विभिन्न बैरकों का जायजा लिया और बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। निरीक्षण के दौरान बंदियों ने किसी भी प्रकार की समस्या या निःशुल्क विधिक सहायता की मांग नहीं की। जिला जज ने जेल अस्पताल और पाकशाला की स्वच्छता व व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि धारा-436ए के तहत लाभ पाने के पात्र विचाराधीन बंदियों की सूची हर सप्ताह प्राधिकरण को भेजें। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गौरव प्रकाश, प्राधिकरण सचिव विजय भान, जेल अधीक्षक प्रीति यादव, जेलर राजेश कुमार वर्मा व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम मौजूद रही।



सीतापुर-बहराइच मार्ग पर गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

## नवागत जवानों को सिखाए पुलिसिंग के गुर

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** मानपुर पुलिस द्वारा हाल ही में भर्ती हुए नए जवानों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जवानों को थाने की कार्यप्रणाली और अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। थाना परिसर में आयोजित परेड के दौरान थाना प्रभारी ने जवानों को पुलिसिंग के व्यावहारिक पहलुओं और ड्यूटी के दौरान ध्यान रखने योग्य बारीकियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के अगले चरण में शाम चार बजे मानपुर कस्बे में पैदल गश्त की गई, ताकि नए जवान क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और संवेदनशील स्थानों से परिचित हो सकें। इस दौरान एसआई राजेंद्र बाबू, हेड कांस्टेबल हरिशंकर, रमेश, रविंद्र विनीत, शुभम और मोहित सहित अन्य पुलिसकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शराब पीने के पैसे नहीं मिले तो मां को मार डाला

## कमलापुर थानाक्षेत्र के ऊंचाखेरा कला गांव का है मामला, ईंट से कूचकर की गई हत्या

संवाददाता, कमलापुर (सीतापुर)।

**अमृत विचारः** शराब की लत में अंधे होकर एक बेटे ने ही अपनी मां को ईंट से कूचकर मार डाला। वारदात के बाद आरोपी पकड़ा गया। कमलापुर थानाक्षेत्र के ऊंचा खेरा कला गांव में हुई हत्या के मामले में आरोपी पुत्र के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है।



आरोपी हरिशंकर

कमलापुर थाना क्षेत्र के ऊंचा खेरा कला गांव में 65 वर्षीय मालती अपने घर पर थी। देर रात उसका शराबी पुत्र हरिशंकर पुत्र मथुरा प्रसाद घर लौटा, बताते हैं कि वो अत्यधिक शराब के नशे में था। आते ही मां से और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा, जिसका विरोध बुजुर्ग महिला ने किया। बस, इतनी से बात पर हरिशंकर झगड़ पड़ा और देखते ही देखते ही मां को पीटने लगा, बाद में घर के भीतर ईंट उठा लाया और ताबड़तोड़ सिर पर प्रहार कर दिए। जिससे मालती की मौके पर ही मौत हो गई। खबर पाकर एसओ कमलापुर ईतुल चौधरी पहुंच गई, दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सीओ सिधौली कपूर कुमार का कहना है कि आरोपी पुत्र हरिशंकर पहले भी मां से मारपीट करता रहा है। हत्या के मामले में केस दर्ज करते हुए आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **पुलिस ने पुलिस ने आरोपी पुत्र को किया गिरफ्तार, केस दर्ज, पड़ोसियों के भी लिए गए बयान**

### शराब की लत ने अपनों से किया दूर

हरिशंकर की पत्नी सीमा के मुताबिक, उनका पति घर की अधिकतर कमाई शराब पीने में उड़ा देते था। मारपीट के बाद बढ़ती कलह से तंग आकर वो बच्चों (लकी, आदित्य, अभय और अनिकेत) को लेकर लखनऊ में गुजर-बसर करने लगी थी।

### पिता की मृत्यु का रहस्य बरकरार

हरिशंकर की मां मालती की हत्या के बाद पिता मथुरा प्रसाद की मृत्यु का मामला भी चर्चा में है। बताते हैं कि पांच वर्ष पूर्व उनकी भी मृत्यु गंभीर चोटों के कारण हुई थी। उस समय भी मौत का कारण पुत्र हरिशंकर चर्चा बना था।

### बिगड़ती मानसिक प्रवृत्ति बन रही घटनाओं के कारण

जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि आसपास का परिवेश मनुष्य की प्रवृत्ति और मानसिक स्थितियों पर प्रभाव डालता है। वर्तमान परिवेश ये स्थितियां घटनाओं के कारण बन रही हैं।

### पूर्व में हुई वारदातें

- **नैमिषारण्य में शराबी देवर ने अपनी भाभी पूनम और भाई हरीश को मारा।**
- **इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के शहरोई सिकटिया में भतीजे ने ताऊ गंगाराम को मार डाला।**
- **कमलापुर इलाके दो स्थानों पर पत्नी ने कराईं पति मनीष आदि की हत्याएं।**
- **बिसवां इलाके में शराबी सुरेंद्र ने की मासूम की दुष्कर्म के बाद हत्या**

## 50 हजार रुपये का इनामी अंतरराज्यीय डकैत गिरफ्तार

**संवाददाता, सीतापुर / तालगांव। अमृत विचार :** तालगांव थाना क्षेत्र में हुई डकैती की घटना में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी शातिर अपराधी को एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से नकदी और अवैध असलहा बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ लखनऊ और तालगांव पुलिस ने ईरापुर मोड़ से सलीम उर्फ बड़क्के निवासी सकरन को दबोचा। अभियुक्त की निशानदेही पर तालगांव के रसूलपुर में हुई डकैती से संबंधित 10,000 रुपये नकद, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। बता दें कि इसी वर्ष 17/18 जनवरी की रात अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर रसूलपुर में एक लेखपाल के घर में असलहों के बल पर डकैती डाली थी। इस मामले में पुलिस 10 आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। सलीम बेहद शातिर किस्म का अपराधी है, जिस पर सीतापुर, खीरी, हरदोई और बाराबंकी समेत विभिन्न जनपदों में हत्या, डकैती और लूट के करीब तीन दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

- **तालगांव थानाक्षेत्र में डकैती की घटना में था 50 हजार का वांछित**

## पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज और राजा रघुवर दीन दयाल इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।



सीसीटीवी के सहारे सुरक्षा का मुआयना करते डीएम-एसपी।

अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, स्ट्रॉन्ग रूम और अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से मिलान किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केंद्रों पर पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरों का धावा, घर से समेटे गहने व नकदी

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचारः** असलहाधारियों ने रात के अंधेरे में एक घर पर धावा बोला। असलहे के बल पर नकदी और गहने पार किये, फिर फरार हो गए। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मतीकरपुर गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने अभियोग दर्ज किया है। एसपी ने मौका मुआयना करते हुए वारदात के खुलासे को लेकर एसओजी को लगाया है।

बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मतीकरपुर गांव वासी अनूप यादव के मुताबिक, देर रात चार नकाबपोश बदमाशों ने उसके घर पर धावा बोला। बदमाशों ने सबसे पहले घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हो गए। आहट पाकर जब घर में मौजूद बुजुर्ग सास, बहू और पोती की आंख खुली, तो बदमाशों ने उन्हें हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और शांत रहने को मजबूर कर दिया। बदमाशों ने घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेट ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, सीओ बिसवां अमन सिंह और प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिवार से पूछताछ के बाद एसओजी टीम वारदात के खुलासे के लिए लगाई है। उधर, क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह का कहना है कि चोरी की वारदात में गहने और नकदी जाने की बात पीड़ित पक्ष की ओर से बताई गई है। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किये हैं।



वारदात के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- **बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मतीकरपुर गांव का है मामला, केस दर्ज**

## छेड़खानी के आरोपी मौलाना को पुलिस ने भेजा जेल

**रामपुर मथुरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत झाड़-फूंक के नाम पर एक महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मौलाना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते सात मार्च की बताई जा रही है। पीड़िता अपनी बीमार बेटी का झाड़-फूंक कराने बांसुरा स्थित मदरसे में रह रहे मौलाना कुतुबुद्दीन के पास गई थी। आरोप है कि जब वहां मौजूद अन्य महिलाएं चली गईं, तो मौलाना ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए गलत काम करने की कोशिश की। महिला ने किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और परिजनों को आपबीती सुनाई। थाना प्रभारी श्यामू कनौजिया ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा के तहत बीएनएस की धारा और एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



आरोपी मौलाना कुतबुद्दीन

## कसा शिकंजा : प्रशासन के रडार पर शहरी टाउन हाल

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** प्रशासन के रडार पर एक बार फिर टाउन हाल और शहर की वे संपत्तियां है, जिन पर काबिज होने के लिए पट्टे आदि की प्रक्रिया अपनाई गई है। इसको लेकर पुराने रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि प्रशासन जल्द ही कुछ बड़ा करेगा। बता दें कि समाजवादी पार्टी कार्यालय के आवंटन को लेकर तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल ने तत्कालीन पूर्व सभासद मुजीब, महेंद्र सिंहा और कुंती कश्यप द्वारा पट्टे का प्रस्ताव रखा गया था। जिसके बाद सपा कार्यालय आवंटित हुई। ऐसे में कोतवाली नगर में पूर्व विधायक व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल सहित पट्टे का प्रस्ताव रखने वाले तत्कालीन सभासदों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। जानकारों की मानें तो जांच की प्रक्रिया में शहर में आवंटित हुए कई और पट्टे शामिल किये गए हैं। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई किए जाने की बात हाल-फिलहाल चर्चा में है।

- **सपा विधायक और पूर्व सभासदों पर दर्ज हो चुका है अभियोग**

## शून्य से पांच वर्ष तक मृत्यु का कारण डायरिया: सीएमओ

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में गुरुवार को डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के अंतर्गत त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक के दौरान उपस्थित सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार व अन्य।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि जनपद में शून्य से पांच साल तक के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया है। इसे रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग स्टॉप डायरिया कैंपेन चला रहा है। पीएसआई-इंडिया के सहयोग से चल रहे इस अभियान के तहत अब तक 559 आशा व एएनएम और 612 महिला आरोग्य समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा ने सभी सीएचसी और पीएचसी पर ओआरएस कॉर्नर सक्रिय करने के निर्देश दिए ताकि डायरिया के मामलों की नियमित रिपोर्टिंग हो सके।

- **डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक**

## समाधि ध्वस्त करने की शिकायत की

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र में समाधि को ध्वस्त करने का मामला प्रकाश में आया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी ने मौका मुआएना करते हुए संबंधित रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के हेमपुरवा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सुनील कुमार ने शिकायत करते हुए दावा किया है कि शहरी में उनकी भूमि पर आराजक तत्वों ने कब्जा किया, साथ ही पुरखों की समाधि पर तोड़फोड़ की। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी के मुताबिक, मौका मुआएना किया गया। जिसमें कुछ लोगों से बातचीत की गई, चूंकि मामला राजस्व (भू अभिलेख) से जुड़ा हुआ है। इसलिए रिपोर्ट और सूचना दोनों ही जिलाधिकारी कार्यालय को प्रेषित कर दी गई है।

## युवक को बांधकर पीटा, वीडियो वायरल

**संवाददाता, सीतापुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के शादीपुर गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक को रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। पीड़ित कुलदीप की पत्नी रोहिनी का आरोप है कि उसके जेठ अनीश समेत पांच लोगों ने मामूली विवाद में उसके पति को बंधक बनाकर बीच सड़क पर पीटा। बचाव करने आई रोहिनी और उसकी सास के साथ भी अभद्रता व मारपीट की गई। अपर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गैस वितरण में न हो देरी, समय से मिले सिलेंडर: डीएम

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुश अग्रवाल ने गुरुवार को सिविल लाइन स्थित आशीर्वाद गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस स्टॉक और आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग पहले से है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि पहले से बुक सिलेंडर का वितरण तत्काल हो। ड्यूटी पर तैनात लेखपाल प्रतिदिन अपने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपें। निरीक्षण के समय जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



गैस एजेंसी पर वितरक से जानकारी लेते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीतापुर।** जनपद के घरेलू गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग और डिलीवरी में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जिला पूर्ति कार्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जिलाधिकारी के आदेशानुसार, कंट्रोल रूम में दो पारियों में पूर्ति निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक अभिषेक कुमार सिंह से 8756738545 नंबर पर शाम चार बजे से रात 11 बजे तक और आलोक कुमार सिंह से 7355977158 पर संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने निर्देशित किया है कि वे हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर उनका नियमानुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### अवैध गैस सिलेंडरों के खिलाफ छापेमारी, 10 बरामद

**लहरपुर।** प्रशासन ने अवैध गैस रिफिलिंग और भंडारण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम के नेतृत्व में पुलिस और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान एक घर से 10 घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। छापेमारी टीम में सीओ लहरपुर, एसएचओ और सप्लाई इंस्पेक्टर शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला की बाइक से गिरकर मौत

**हरगांव।** हरगांव थाना क्षेत्र के झरेखापुर चौराहे के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ शादी समारोह से लौट रही थी। कोतवाली देहात के मलुही सरैंया निवासी बसंत लाल अपनी पत्नी राजेश्वरी (30) के साथ लखीमपुर के पटेहरा से एक शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। झरेखापुर चौराहे के पास अचानक बाइक के पहिए के नीचे ईंट का टुकड़ा आने से वाहन अनियंत्रित हो गया। हादसे में राजेश्वरी सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोट आई, गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### तस्करी के दोषी को डेढ़ वर्ष की सजा

**सीतापुर।** जनपद में 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने एक अभियुक्त को सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना महोली पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामले में ठोस साक्ष्य और गुणवत्तापूर्ण विवेचना प्रस्तुत की गई थी। दरअसल मामला वर्ष 2021 का है, जिसमें महोली निवासी अंकित दीक्षित पुत्र रामू के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। सत्र न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए अंकित को दोषी पाया। न्यायालय ने अभियुक्त को डेढ़ वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड न देने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा

**सांडा।** श्री सतचंडी महायज्ञ की जल कलश शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किवानी नदी से जल भरा। सकरन के ठाकुर द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री सतचंडी महायज्ञ व प्रवचन कार्यक्रम की जल कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा मंदिर से निकल कर किवानी नदी से कलश भरकर शाम शोभा यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंची। जहां आचार्य पंडित जितेंद्र शुक्ला ने कलशों की पूजा अर्चना कराकर उन्हें यज्ञशाला में स्थापित करवाया। इस दौरान पंडित मुकेश अवस्थी, संतोष बाजपेई सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### मेड़बंदी के पिलर तोड़ने पर मुकदमा दर्ज

**लहरपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में उपजिलाधिकारी के आदेश पर की गई मेड़बंदी को खुर्द-बुर्द करने और पिलर उखाड़ फेंकने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। आदर्श नगर, नैपालापुर निवासी पीड़िता सरोजिनी मिश्रा पत्नी नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम शाहपुर स्थित उनकी भूमि की मेड़बंदी को पुलिस बल की मौजूदगी में एसडीएम के आदेशानुसार कराई गई थी। आरोप है कि गांव के ही लोगों ने मेड़ तोड़ दी और वहां लगाए गए पिलरों को उखाड़ फेंका। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### दुकान से चोरी

**सीतापुर।** थानगांव के हलीमनगर चौराहे पर स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर रुपये 31,400 नगद, इन्वर्टर-बैटरी, टॉर्च और 10 बंडल तार समेत हजारों का माल पार कर दिया। गुरुवार सुबह दुकान संचालक शोएब के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लोक अदालत को लेकर बैठक

**लहरपुर।** 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पीएलवी रहमत अंसारी ने जागरूक किया। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक ऐसा मंच है, जहां विवादों का समाधान लड़ाई या लंबे मुकदमों के बजाय आपसी समझ और सहमति से किया जाता है।

### अभय प्रताप का लखनऊ मंडल की अंडर-17 टीम में चयन

**लहरपुर।** विकास खंड के ग्राम बरेती जलालपुर के खिलाड़ी अभय प्रताप वर्मा ने अपनी खेल प्रतिभा के दम पर लखनऊ मंडल की अंडर-17 हॉकी टीम में बतौर गोलकीपर जगह बनाई है। अभय की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। वर्तमान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर में कक्षा 10 के छात्र अभय एक साधारण कृषक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता मनोज वर्मा किसान हैं। इससे पूर्व अभय ने वर्ष 2024-25 में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।



अभय प्रताप

### महेंद्र सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**महमूदाबाद।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव पोखरा कलां में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राम अकबाल शिवरानी महाविद्यालय परिसर में आयोजित हवन-पूजन में उनके अनुज व पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा और पुत्र उत्कर्ष सिंह वर्मा सहित परिवार के सदस्यों ने आहुति दी। वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम सागर मौर्य, अमर सिंह वर्मा, दिग्विजय सिंह देव, मनोज सिंह, अजय यादव, मुकेश वर्मा और शरद चंद्र मिश्र सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चिखड़ी में हनुमान मंदिर का गुंबद टूटा

**रामपुर मथुरा।** विकासखंड रामपुर मथुरा के ग्राम चिखड़ी के पास चौका नदी के पार स्थित मंदिर परिसर में छोटे हनुमान मंदिर का गुंबद अचानक टूट गया। ग्रामीणों के अनुसार, यह मंदिर करीब एक वर्ष पूर्व स्थानीय निवासी पारथ सिंह द्वारा बनवाया गया था। मौके पर पहुंचे पारथ सिंह, सुमित सिंह, गोलू और अभय सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि गुंबद के टूटने के पीछे बंदरों की सक्रियता की आशंका है।

### धार्मिक संस्थाएं वार्षिकी हेतु दो सप्ताह में करें आवेदन

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने जनपद की समस्त धार्मिक संस्थाओं, वक्फ, न्यास (ट्रस्ट) और धर्मस्वों को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 और 2027-28 के लिए वार्षिकी (एन्युटीज) भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पात्र संस्थाएं डीबीटी के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए विज्ञापन प्रकाशन के दो सप्ताह के भीतर अपना दावा या प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप पर जिलाधिकारी कार्यालय में जमा कर सकती हैं। आवेदन के साथ सभी आवश्यक साक्ष्य और अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है। एडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय के भीतर आवेदन प्राप्त नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि संस्था एन्युटी लेने की इच्छुक नहीं है और उनकी सूचना शून्य मानी जाएगी।

### भाकियू ने बैंक के बाहर किया प्रदर्शन

**सीतापुर।** सिधौली में भारतीय किसान यूनियन (राजू गुप्ता गुट) के कार्यकर्ताओं ने सिधौली स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने बैंक की उप प्रबंधिका पर ग्राहकों के साथ अभद्रता और अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के बाद संगठन ने नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बैंक अधिकारी के व्यवहार में सुधार के साथ-साथ अटरिया के छावन में बन रहे खेल मैदान की भूमि विस्तार की मांग की गई। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने गांधी विद्यालय डिग्री कॉलेज से गायब हुई महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुनः स्थापित करने और क्षेत्र में पेट्रोल की किल्लत दूर करने का मुद्दा भी उठाया।

# बेकाबू कंटेनर ने छात्रों को रौंदा, दो की मौत

## कंप्यूटर कोचिंग से घर लौट रहे थे सभी छात्र, एक छात्रा का पैर कटा, आक्रोशित लोगों ने हाईवे किया जाम

संवाददाता सलोन, रायबरेली


आलम (फाइल फोटो)


महफूज (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** कंप्यूटर कोचिंग करके घर लौट रहे बाइक और साइकिल सवार छात्रों को अनियंत्रित कंटेनर ने कुचल दिया। जिसमें बाइक सवार दो छात्रों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गम्भीर रूप से घायल साइकिल सवार छात्रा को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। हृदय विदारक दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक छात्रों के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने शव को नेशनल हाईवे पर रख दिया। इसके बाद हाइवे जामकर पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। संवेदनशीलता को देखते हुए कई थानों की फोर्स के साथ एसडीएम, सीओ और तहसीलदार पहुंचकर भीड़ को समझाने लगे। चार घंटे की मशक्कत के बाद मार्ग जाम हट सका। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही शुरु कर दी है।

करहिया चौकी क्षेत्र में स्थित एक कम्प्यूटर सेंटर से गुरुवार सुबह दस बजे कोचिंग करके इंटर के छात्र मोहम्मद आलम (20) पुत्र असरफ निवासी रेहुआ लालगंज अपने दोस्त महफूज खान (20) पुत्र महमूद खान निवासी पूरे खुदा बक्स अगई और साइकिल सवार बीए की छात्रा साक्षी गिरी पुत्री शिवाकांत अगई मटियारा जनपद प्रतापगढ़ घर जा रहे थे। साढ़े दस बजे के करीब तीनों छात्र नुरूद्दीनपुर टोल प्लाजा के समीप स्थित सिध्दि विनायक कोल्ड स्टोर पहुंचे थे। इसी बीच सलोन से प्रतापगढ़ की ओर जा रही अनियंत्रित एक कंटेनर ने पहले साइकिल सवार छात्रा टक्कर मार कर घायल कर दिया। इसके बाद बाइक सवार दोनों युवकों को कुचलते हुए भाग निकला। आसपास के लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को देकर कंटेनर का पीछा किया। वही घटना स्थल पर दोनों छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गम्भीर रूप से घायल छात्रा को लालगंज अझारा के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। इससे दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर प्रशासनिक अमले के साथ पुलिस बल भी भीड़ को समझाने पहुंच गई। लेकिन भीड़ पुलिस के विरुद्ध लामबद्ध होकर मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिया। करीब चार घंटे बाद पुलिस ने परिजनों को सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया, तब जाकर मार्ग जाम बहाल हो सका। एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने बताया कि दोनों छात्रों की मौत दुःखद घटना है। पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। सीओ यादवेन्द्र बहादुर पाल ने बताया की मृतक महफूज के पिता यूनुस की तहरीर पर कंटेनर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

**जाम में फंसे रहे सैकड़ों वाहन:** हादसे में काल के गाल में समाए दोनों युवकों के परिजनों ने शव रखकर चार घंटे रायबरेली-जौनपुर नेशनल हाइवे जाम रखा। इस दौरान रायबरेली, प्रतापगढ़, जौनपुर, लखनऊ डिपो की बसों के साथ स्कूली छात्रों की बसें भी जाम में फंस गई। बस में सवार यात्री जाम में फंसने से परेशान हो गए।


जौनपुर हाईवे पर आक्रोशित भीड़ को समझाते क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार


सड़क पर जाम के बाद हाईवे के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार। अमृत विचार


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### मां की कोख सूनी तो दूसरे परिवार का लाडला गया

**सलोन, रायबरेली।** टोल प्लाजा के समीप सड़क सड़क दुर्घटना एक परिवार की तबाही का सबब बन गई। एक मां की कोख सूनी हुई तो दूसरे परिवार का लाडला दुनिया से रुखसत हो गया। गुरुवार की सुबह जब दोनों परिवार के लड़कों की मौत की खबर दरवाजे पर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया।

### पिकअप की टक्कर से दंपति घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बछरावां-मौरावा मार्ग पर गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप की जोरदार टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार अभिषेक पुत्र गुरुचरण निवासी मदाखेड़ा अपनी पत्नी रामजानकी को बछरावां इलाज के लिए जा रहे थे। जैसे बछरावां-मौरावा मार्ग पर चौराहे पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया। इससे दोनों घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप लेकर भागने लगा। लेकिन स्थानीय लोगो ने दबोच लिया। मौके की नजाकत समझते हुए चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से गंभीर रूप से घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सक भावेश यादव ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल जिला अस्पताल रेफर

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहली घटना क्षेत्र के बालाजी धर्म कांटा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रोहित कुमार पुत्र कन्हैया निवासी हेवतहा नेवढ़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी घटना भगवतीपुर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार अरविंद पुत्र रामबाबू निवासी इटहाप थाना गदागंज गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी के डॉ. लाइक अहमद ने बताया कि दो लोग घायल अवस्था में आए थे, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसों में दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना: रात करीब 9 बजे राजापुर गांव के पास हुई। कुसुढी सागरपुर निवासी राम मनोहर (55) निमंत्रण से साइकिल द्वारा घर लौट रहे थे। तभी एक अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। दूसरी घटना रात करीब 12 बजे बुलवासा के पास की है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के टांडा सरांवा निवासी राजेंद्र प्रसाद (35) की बाइक अचानक सामने आए कुत्ते से टकरा गई। गंभीर हालत में उन्हें भी एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोग घायल

**छतोह, रायबरेली।** नगर पंचायत परशदेपुर चौकी क्षेत्र के फागुपुर गांव के पास बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार प्रतापगढ़ जिले के पूरे बासवन रहटीकर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में सूरज सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह, शशि सिंह पुत्री दिनेश और रवि सिंह पुत्र अज्ञात शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही परशदेपुर चौकी प्रभारी मोहित शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### युवक की पिटाई, एफआईआर दर्ज

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे दुबे मजरे लोधवारी गांव निवासी विनय कुमार पुत्र शिव शंकर द्विवेदी ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि 5 मार्च की दोपहर उसके चाचा दिलीप की गाय का बछड़ा गांव के ही अशोक पुत्र भगौती के दरवाजे चली गई, जिसको लाने जब वह गए तो गाँव के कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू किया है।

### मेडिकल कैंप में 569 ने कराई आंख की जांच


बैसवारा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में मौजूद लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित निशुल्क मेडिकल कैंप में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप में करीब 300 लोगों के ब्लड प्रेशर, हार्ट एवं अन्य गंभीर बीमारियों की जांच की गई। वहीं 569 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच भी कराई गई। कैंप के दौरान 100 मरीजों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बैसवारा सेवा संस्थान के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में बस द्वारा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड चित्रकूट भेजा गया, जहां उनका ऑपरेशन अस्पताल द्वारा निशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, रामू नेता, होरीलाल, मनोज सिंह, देवेन्द्र बहादुर सिंह (अध्यक्ष भूमि विकास बैंक) सहित बैसवारा सेवा संस्थान के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एएस मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक एवं डॉक्टरों का विशेष योगदान रहा। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र एवं जनपद रायबरेली में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर और सामाजिक कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर


मासिक बैठक में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक हुई। ब्लॉक अध्यक्ष हारून सिद्दीकी की अध्यक्षता में संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और दिव्यांग सहायता शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि ऊंचाहार विधानसभा समन्वयक छत्रेश कुमार टोंक और सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ त्रिवेदी रहे। मुख्य अतिथि विधान सभा समन्वयक ने कहा कि राहुल गांधी की प्रेरणा और अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के प्रयास से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से 14, 15 और 16 मार्च को मदर टेरेसा इंटर कॉलेज, जवाहर विहार कॉलोनी रायबरेली में नि:शुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को इस शिविर की जानकारी देकर उन्हें लाभ दिलाने का कार्य करें। सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनसेवा के कार्यों में अग्रणी रही है। इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों से आमजन का पार्टी के प्रति विश्वास और जुड़ाव और मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव और ग्राम सभाओं में जाकर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके। ब्लॉक अध्यक्ष हारून सिद्दीकी ने कहा कि गांधी परिवार का रायबरेली से पारिवारिक रिश्ता रहा है।


सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### कक्षा पांच के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा पंचम के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कक्षा चतुर्थ द्वारा किया गया। मंचासीन अतिथियों में पुरातन छात्रा अंकिता बाजपेई विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक कैलाश बाजपेई ने की। छात्रों द्वारा संगीत के वाद्य यंत्रों द्वारा मां शारदे की आराधना कर उज्जवल भविष्य की कामना की। मंचस्थ पदाधिकारियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने कराया। कार्यक्रम की प्रस्तावना द्वारा छात्रों को जानकारी दी। कक्षा चतुर्थ की छात्रा आर्या सिंह, कक्षा पंचम के छात्र कृष्णा शुक्ला ने अपने विचार रखे। आचार्या शालिनी मिश्रा ने गीत बस इतना ही संग था हमारा तुम्हारा आओ बच्चों खुश रहना ले लो आशीष हमारा... सुनाया। प्रबंधक कैलाश बाजपेई ने कहा कि बच्चों जब आगे बढ़ रहे हो पीछे कभी मुड़कर ना देखना आगे बढ़ते जाना आगे बढ़ते जाना। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य राम नारायण सिंह, रमेश मिश्रा, अशोक यादव, जगदेव प्रसाद, दिवाकर सिंह, रमेश बाजपेई, शिवांकरी, शिवांगी, आर्या श्रीवास्तव, शालिनी मिश्रा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, रामनाथ, मनीषा आदि आदि मौजूद रहे।

### आज खीरों उपकेंद्र की बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**संवाददाता खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा, सेमरी और खीरों सहित तीन उपकेन्द्रों के जरिए क्षेत्र की लगभग पौने तीन लाख की आबादी को विद्युत आपूर्ति दी जाती है। जिसमें विद्युत उपकेन्द्र खीरों की लगभग एक लाख की आबादी के बीस हजार से अधिक उपभोक्ताओं को शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक 33 के वी लाइन की मरम्मत का कार्य चलने के कारण आपूर्ति नहीं मिल पायेगी। इस सम्बन्ध में अवर अभियंता कमल किशोर ने बताया कि 13 मार्च को विद्युत उपकेन्द्र खीरों के सभी फीडर की आपूर्ति सुबह 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक बन्द रहेगी। उन्होंने बताया कि मौरावां उन्नाव से आने वाली 33 केवी लाइन की मरम्मत और ट्री कटिंग का कार्य अधूरा रह गया है, जो कि शुक्रवार को फिर से किया जाएगा। अवर अभियंता कमल किशोर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक धैर्य बनाए रखें और किसी भी कर्मचारी को इस अवधि में फोन न करें। क्योंकि इस अवधि में काम कर रहे कर्मचारियों को बार बार फोन उठाने से लाइनों में काम करने में असुविधा होगी।

## यूपी बोर्ड: शिक्षक करते रहे इंतजार, नहीं आई परीक्षार्थी

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के कुटी मोहल्ला में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा के अंतिम दिवस के दौरान अजीब स्थिति देखने को मिली। संस्कृत विषय की परीक्षा के लिए केंद्र पर केवल एक छात्रा का पंजीकरण था, लेकिन वह भी परीक्षा देने नहीं पहुंची। इसके बावजूद परीक्षा ड्यूटी में 16 परीक्षा कर्मी तैनात रहे। विदित हो कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा के तहत क्षेत्र के उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को परीक्षा के अंतिम दिन दूसरी पाली में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित होनी थी। केंद्र पर इस विषय की परीक्षा के लिए केवल एक छात्रा आस्था दीक्षित पुत्री अजय दीक्षित, निवासी बन्नावा का पंजीकरण था। जानकारी के अनुसार छात्रा पूर्व की परीक्षाओं में भी लगातार अनुपस्थित रही है। बुधवार को आयोजित संस्कृत की परीक्षा में भी वह केंद्र पर नहीं पहुंची। इसके बावजूद परीक्षा की व्यवस्था के तहत केंद्र पर 16 परीक्षा कर्मी और कक्ष निरीक्षक अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहे। छात्रा के अनुपस्थित रहने के कारण परीक्षा कक्ष खाली ही रहा और निर्धारित समय तक केंद्र कर्मी अपनी ड्यूटी निभाते रहे।


बैंती स्थित श्री कबीरदान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### वृंदावन के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित श्री कबीरदान बाबा के मन्दिर प्रांगण में तीन दिवसीय विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। आशू एंड अंकुश छलिया झांकी ग्रुप देवपुरी बछरावां व लखनऊ से आए मशहूर कलाकारों ने गणेश वन्दना, सुदामा चरित्र, श्री कृष्ण रासलीला, वृन्दावन बरसाने की फूलों की होली आदि झांकियों की अद्भुत एवं अनुपम प्रस्तुति दी। मुख्य रूप से आशू, मयंक, अंकुश, आर्यन ने जीवंत प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का आयोजन कबीरादान बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष कमल किशोर रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया गया। जागरण में पहुंचे पूर्व कुम्हरावां प्रधान रमेश कुमार मिश्रा उर्फ पुतन्नी महराज ने कलाकारों को सम्मानित करने के साथ ही आयोजक कमेटी को सहयोग प्रदान किया। जानकीशरण जायसवाल, दिनेश मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, गौरव मिश्रा, अजय यादव, राम अवध यादव, जागेश्वर यादव ने आयोजन पर खुशी जताई।

### प्रधानों और शिक्षकों के समन्वय से मजबूत होगी शिक्षा व्यवस्था

**जगतपुर, रायबरेली।** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं प्रधान उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक के साथ ही ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम प्रधान और शिक्षक आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तो विकासखंड जगतपुर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विद्यालयों के विकास और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम पंचायतों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्राम प्रधानों को विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने की। इस दौरान ग्राम प्रधान बिन्नू सिंह, अमरेश सिंह, कृष्ण कुमार तथा अब्दुल अजीज ने विद्यालयों के विकास में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## 16 कन्याओं का कराया गया सामूहिक विवाह

**सर्व स्वर्णकार सेवा संस्था**

लालगंज, रायबरेली



लालगंज में सामूहिक विवाह कराने वाली संस्था के पदाधिकारीगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सर्व स्वर्णकार सेवा संस्था द्वारा गुरुवार को नगर के मामा उत्सव लॉन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं चेतना सम्मेलन में 16 निर्धन कन्याओं के हाथ पीले कर उन्हें सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया गया। मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ सिद्धार्थ नगर के विधायक विनय वर्मा ने नव-युगलों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन दहेज-प्रथा पर चोट कर सामाजिक समरसता को मज़बूत करते हैं। संस्था के अध्यक्ष सोनू सोनी ने बताया कि चयनित परिवारों के वधू-पक्ष का सम्पूर्ण दायित्व संस्था ने सामाजिक सहयोग से वहन किया है। संस्था के जिला अध्यक्ष सोनू सोनी खागा वाले ने बताया कि लालगंज की राधा सोनी ने कानपुर के अमित सोनी, टेढ़ा उन्नाव की पूनम सोनी ने लालगंज के आकाश सोनी, कानपुर देहात की आकांक्षा ने रायबरेली के शिवा सोनी, महराजगंज रायबरेली की लक्ष्मी वर्मा ने रानियां कानपुर देहात के मयंक, भगवंत नगर उन्नाव की नैन्सी ने लखनऊ के प्रिंस सोनी, लालगंज की पूनम ने उन्नाव के श्याम किशोर, अचलगंज उन्नाव की शुभी सोनी ने अभिषेक सोनी, हसनगंज रायबरेली की कोमल सोनी ने नगराम लखनऊ के आशीष कुमार, नौबस्ता कानपुर की शीतल सोनी ने बिन्दकी फतेहपुर के गोविंद सोनी, फरीदपुर लखनऊ की नैन्सी ने अजीजगंज शाहजहांपुर के अभिनव वर्मा, सलवन रायबरेली की सेजल सोनी ने अमेठी के अभिषेक सोनी, कोरिहर सतांव की पायल सोनी ने मौरावां उन्नाव के मोहित कुमार, रायबरेली की रानी सोनी ने अलीगंज लखनऊ के धीरज सोनी, कानपुर की प्रिया वर्मा ने रायबरेली के मोहित कुमार का विवाह वैदिक रीति रिवाज के साथ पुरोहित सतीश ने संपन्न करवाया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष आनंद रस्तोगी ने किया। संस्था के संरक्षक और व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी और संयुक्त मंत्री कौशलेंद्र कंचन ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे सत्र "चेतना सम्मेलन" में दहेज-विरोध, कन्या-शिक्षा, स्वरोज़गार और नशा-मुक्ति पर वक्ताओं ने सारगर्भित उद्बोधन दिए। संस्था के महामंत्री महेश सोनी और विशिष्ट सदस्य शिवम सोनी ने बताया कि संस्था ने आगे भी प्रतिवर्ष ऐसा आयोजन करने तथा स्वर्णकार समाज के शैक्षणिक-आर्थिक उन्नति के लिए कोचिंग व कौशल-प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना घोषित की।

## 'इनफ्लूवेरा अवार्ड्स' में गूंजी नारी शक्ति की हुंकार

- कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने किया महिला शक्ति को नमन

संवाददाता, रायबरेली



इनफ्लूवेरा अवार्ड्स से सम्मानित कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के होटल प्लेजेंट व्यू में इनफ्लूवेरा अवार्ड्स 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह ने नारी शक्ति के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने समाज की सशक्त महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

यह गौरवशाली आयोजन रोट्रैक्ट क्लब ऑफ रायबरेली एलीट और शुक्ला खादी ग्रामोद्योग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसे शहर के प्रबुद्ध जनों ने एक सराहनीय और ऐतिहासिक पहल बताया। समारोह के दौरान कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए एडवोकेट सारिका शुक्ला एवं तारिक खान की प्रबंधन क्षमता और उनकी दूरदर्शी सोच की जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि ऐसे मंचों के माध्यम से ही समाज की छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती हैं। साथ ही, उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में विशेष भूमिका निभाने वाले मारूफ़ रायबरेलवी का भी आभार व्यक्त किया। कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं। तभी एक सशक्त, समृद्ध और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है। कमला फाउंडेशन हमेशा से महिलाओं के आत्मसम्मान और उनके अधिकारों के लिए समर्पित रहा है और आगे भी रहेगा।

### शीतला अष्टमी पर उमड़े लोग, फाग गायन आयोजित

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** ऐहार गांव मे स्थित शीतला माता मंदिर पर शीतला अष्टमी पर फाग का गायन का आयोजन किया गया। फाग गायन में माता जी, गणेश जी, शंकर जी, हनुमान जी व श्री रामचंद्र जी के भजनों की धूम रही। फगुआरों ने ढोल और मंजीरे की धुन पर लोक गीतों से लोगो को सराबोर कर दिया। अनुज अवस्थी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला अष्टमी के दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की फाग मंडली लोक गीत व पारम्परिक गीत गाते है। गायक मंडली से अरविंद पांडे, राहुल निर्मल, उमंग दुबे, धर्मेंद्र दुबे, रामदीन, आयुष पांडे, अतुल पांडे, आलोक तिवारी, केडी तिवारी, उद्देश्य शुक्ला, अनुज अवस्थी, मोनू मिश्रा, राजाराम, संजीव शुक्ला, चन्दन शुक्ल आदि लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर देवेंद्र मोहन त्रिपाठी, चंदन त्रिवेदी, रिंकू मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, रोहित शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, अखिलेश पांडे, जितेंद्र मिश्रा, अतुल मिश्रा, जितेंद्र त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, रमेश शुक्ला मौजूद रहे।

## तहसीलदार ने गैस एजेंसियों पर मारा छापा


अदिति इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण करतीं तहसीलदार मंजुला मिश्रा। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर मची अफरा-तफरी और कालाबाजारी की शिकायतों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के कड़े निर्देश के बाद, तहसील स्तरीय टीम ने महराजगंज क्षेत्र की प्रमुख गैस एजेंसियों पर औचक छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि गैस की कमी की कोई वास्तविक समस्या नहीं है, बल्कि अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं में घबराहट पैदा हुई है। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे तहसीलदार मंजुला मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राकेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक अवधेश चतुर्वेदी और मुकेश पांडेय की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ अदिति इंडेन गैस एजेंसी व आर्यन भारत गैस सर्विस समेत दो प्रमुख केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महराजगंज की अदिति इंडेन गैस एजेंसी पर सर्वर की समस्या के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। तहसीलदार ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बुकिंग करा चुके लगभग 40 उपभोक्ताओं को उनके डीएसी नंबर के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए। वहीं, मऊ स्थित आर्यन भारत गैस एजेंसी पर कामकाज सामान्य पाया गया। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। कहा सिलेंडर की कमी नहीं है। केवल अफवाहों के कारण मारामारी की स्थिति बनी थी। सभी उपभोक्ताओं को मानक के अनुसार सिलेंडर दिए जा रहे हैं। डंपिंग और कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधान ने तीन युवकों पर दर्ज कराया मुकदमा

**तिलोई, अमेठी।** कोतवाली मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सैम्बसी के ग्राम प्रधान उमेश कुमार मिश्रा (बबलू) पुत्र राम उजेर मिश्रा निवासी ग्राम अचकवापुर मजरे सैम्बसी ने थाना मोहनगंज में लिखित तहरीर देकर बताया कि दिन बुधवार की देर रात करीब 10 :30 बजे मैं ग्राम पंचायत निवासी इन्द्र कुमार सिंह के लड़की की शादी कार्यक्रम से अपने घर वापस आ रहा था तभी रास्ते में पूरे नकछेद सिंह के पास तीन युवक अमरजीत पुत्र बद्री प्रसाद व शिवकुमार पुत्र स्व . रामकेवल एवं एक नाम पता अज्ञात तीनों लोगों ने मिलकर बिना किसी कारण के मां बहन की गाली देने लगे। वहीं रूक कर पूछने पर उन लोगों ने इंकार कर दिया। प्रधान ने युवकों के घर पर शिकायत करने की बही तो युवकों ने दबंगई पूर्वक कहा अगर बोलोगे तो तुम्हारा गांव आना जाना बंद करवा दूंगा। और इतने में युवकों ने अपने साथियों को फोन करके कहा की अभी रुको यही तुम्हारे हाथ पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी दी। इतने में 7- 8 युवकों को अपनी तरफ आता देख प्रधान ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई।

### बाइक चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि भीतरगांव निवासी राकेश कुमार पुत्र हुबलाल की बेहटा चौराहा लालगंज से बाइक चोरी हो गई थी। मामले में मुकदमा पंजीकृत था। मुकदमे के विवेचक उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने दौरान विवेचना बाइक चोरी के आरोप में तीन को पकड़कर जेल भेजा है। पकड़े गए आरोपीसुरजीपुर निवासी विनय कुमार, निराला नगर आलमपुर निवासी अभय साहू और पूरे खारा रणगांव निवासी उमेश यादव हैं।

# बारात से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता संग्रामपुर, अमेठी



प्रदीप वर्मा।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र में बारात से वापस लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई ।जानकारी के अनुसार थाना संग्रामपुर क्षेत्र के भगतपुर-गोरखापुर निवासी प्रदीप वर्मा (25) पुत्र स्वर्गीय धर्मराज वर्मा बीती रात करीब 11 बजे चंद्रिकन से बारात से लौटकर अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान कालिकन-विशेषरगंज मार्ग पर भैरोपुर बाग की पुलिया के पास उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और पुलिया की रेलिंग से टकराने के बाद बिजली के खंभे से जा भिड़ी ।हादसे में प्रदीप वर्मा के सिर में गंभीर चोट लग गई। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे रामकरन इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रदीप को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।ग्रामीणों के अनुसार मृतक की मां शीला देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं, जबकि प्रदीप किसान मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी शादी करीब दो वर्ष पहले गायत्री देवी से हुई थी और उनसे एक वर्ष का पुत्र शनवीर है ।प्रदीप तीन भाइयों में सबसे बड़े थे।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल

**अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे दयाल में सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल व्यक्ति चमनगंज अमेठी निवासी लल्लन (46) पुत्र रामदेव पूर्व किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान पूरे दयाल के पास एक बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी लाया गया सीएचसी अमेठी के डॉक्टर सौरभ सिंह ने बताया कि मरीज के पैर में गंभीर चोटें लगी थीं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया गया है।

### इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने की शिरकत

**सरेनी, रायबरेली।** रमजान के 22वें रोजे पर विकास खंड क्षेत्र के चांदपुर गांव में मुजाहित खान ने रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। आयोजित इफ्तार पार्टी मे गांठ व क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत कर सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया। अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर और अन्य व्यंजनों से रोजा खोला। आयोजक मुजाहित खान बताया कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। इस मौके पर इजराइल खान, सुजीत खान, पीर गुलाम, नईम खान, डॉ. ख्वाजा हामिद, सलीम खान, बाबू खान, अमीन प्रधान मौजूद रहे।

# किशोरियों को मुफ्त सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन

### टीकाकरण आज से

संवाददाता अमेठी



डॉ. अंशुमान सिंह, सीएमओ।

**अमृत विचार।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है।

इसी क्रम में अमेठी जनपद को भी एचपीवी वैक्सीन की आपूर्ति प्राप्त हो गई है। यह विशेष अभियान 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों के लिए चलाया जाएगा, जिसके तहत उन्हें निशुल्क टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह टीकाकरण सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत नहीं बल्कि एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 'गार्डासिल' नामक क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है। ये दोनों प्रकार सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण माने जाते हैं। इसके अलावा यह वैक्सीन टाइप 6 और 11 से भी बचाव करती है। विशेषज्ञों के मुताबिक 14 वर्ष की आयु में दी गई एक खुराक से लंबे समय तक प्रभावी सुरक्षा मिलती है। भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर वर्ष देश में करीब 80 हजार नए मामले सामने आते हैं और लगभग 42 हजार से अधिक महिलाओं की मौत इस बीमारी के कारण हो जाती है।

वैज्ञानिक अध्ययनों में एचपीवी वैक्सीन 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी पाई गई है। अभियान का शुभारंभ 13 मार्च 2026 को संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज से किया जाएगा। यहां प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को उनके अभिभावकों की सहमति के बाद टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण के लिए किशोरियों का पंजीकरण कराया जाएगा और कोविड टीकाकरण की तरह इसमें भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था होगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी के अनुसार जनपद में लगभग 24 हजार किशोरियों को इस अभियान के तहत सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा। शासन से वैक्सीन की आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है और इसे कोल्ड चेन में सुरक्षित रखा गया है।

## निमंत्रण से लौट रहे भाई व दो बहनें सड़क हादसे में घायल

**तिलोई, अमेठी।** मोहनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम रायबरेली-अयोध्या नेशनल हाईवे पर गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो सगी बहन और एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मोहनगंज चौराहे के पास भेलाई खुर्द मोड़ पर हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मखदुमपुर समरहदा निवासी कुलदीप (21) पुत्र विजयराम अपनी बहनों शिवानी (23) और काजल (17) के साथ अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भेलाई खुर्द में एक रिश्तेदार की बारात में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम से लौटते समय जैसे ही वे भेलाई खुर्द मोड़ के पास पहुंचे, जगदीशपुर की ओर से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए तिलोई स्थित 200 बेड जिला रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



दुखदुरिया कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### हिंगलाज धाम पर दुखदुरिया का हुआ भव्य आयोजन

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र के दादरा गांव में पौराणिक देवीशक्तिपीठ मां हिंगलाज धाम पर चल रहे हिंगलाज महायज्ञ महोत्सव में गुरुवार को एक विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया ।जिन्होंने अवसान माता की पूजा-अर्चना कर देश, परिवार और अपने गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने महिलाओं से विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रत्येक समूह की एक-एक महिला ने अन्य महिलाओं को अवसान माता की कथा भी सुनाई। सामाजिक कार्यकर्ता कृपाशंकर सिंह ने कहा कि धार्मिक कार्यों में माताओं की आस्था सबसे मजबूत होती है। कार्यक्रम की सफलता में अंजनी शुक्ला और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। अजीत प्रताप सिंह गुन्नौर द्वारा महिलाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में कृपाशंकर सिंह, जर्नादन तिवारी, अंजनी श्रीवास्तव, रवींद्र तिवारी, दुर्गेश तिवारी महेन्द्र मिश्रा, विजय सिंह, उमाकांत सिंह, सर्वेश सिंह, नीलकमल सिंह, मनोज मिश्रा, जितेंद्र सिंह, विकास यादव, अनीता सिंह, रिंशी सिंह, मंजू सिंह, ममता श्रीवास्तव, शिवकुमारी तिवारी, सुमन सिंह, प्रतिमा श्रीवास्तव, बविता सिंह, रिंकी सिंह तथा माधुरी सिंह रहीं।

# 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता अमेठी



मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। देर रात मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ के बाद 50 हजार के इनामी अपराधी मो. इस्लाम उर्फ मच्छर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के इसौली मोड़ का है।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान कबाड़ व्यवसायी रमन अग्रहरि के अपहरण और फिरौती कांड में फरार चल रहे आरोपी मो. इस्लाम उर्फ मच्छर को घेर लिया गया। खुद को घिरता देख बदमाश ने भागने की कोशिश की, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश गोंडा जिले का रहने वाला है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बीते 10 फरवरी को मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के रहने वाले कबाड़ व्यवसायी रमन अग्रहरि का कार समेत अपहरण कर लिया था। बदमाशों ने व्यापारी से आठ लाख रुपये से अधिक की फिरौती वसूलने के बाद उसे छोड़ा था। इस अपहरण और फिरौती कांड में शामिल कई अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं, जबकि मुख्य आरोपी मो. इस्लाम उर्फ मच्छर फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## रकम दोगुना करने का लालच देकर ठगे 7 लाख

**सिंहपुर, अमेठी।** पूरे पठान मजरे भीखीपुर की महिला से साइबर ठग ने रकम दोगुना करने का लालच देकर फोन पे के माध्यम से सात लाख रूपये ठग लिए। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत की है। पूरे पठान मजरे भीखीपुर निवासिनी रफातुलनिशा ने बताया कि बैंक आफ बडौदा रस्तामऊ में उसका खाता है। उसके खाते पर फोन पे बना है। बीते वर्ष 10 अक्टूबर 25 को उसके लड़के के मोबाइल पर इंस्ट्राग्राम का ऐड आया। लड़के इमरान ने व्हाटस्अप काल से रघुवीर नाम के व्यक्ति से बात किया। रघुवीर ने बात करने पर पैसे दोगुना करने का लालच देकर बताया कि आप मुझे जितना पैसा दोगे आप का पैसा दोगुना हो जायगा तो उसके लड़के ने खाते से कई बार में लगभग सात लाख रुपये फोन पे के माध्यम से रघुवीर को ट्रांसफर कर दिया। बाद मे उस के लड़के ने रघुवीर से जब बात किया कि मेरा पैसा वापस करो या मुझे दोगुना पैसा दो जो तुमने कहा था तो रघुवीर ने मेरा नम्बर ब्लाक कर दिया।

# रास्ते पर जलभराव से ग्रामीण त्रस्त



कलेक्ट्रेट में शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ थाना क्षेत्र के ग्राम दरबानीहार में सार्वजनिक रास्ते पर गंदा पानी बहाए जाने से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा निजी हित पूर्ण होने के बावजूद जानबूझकर खड़ंजे पर घर का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है और आए दिन बच्चे व बुजुर्ग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। जनता दर्शन में पहुंचे ग्रामीणों श्याम दुलारी, राजवती, सुमन, मीना सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के आम रास्ते पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा लगातार घर का गंदा पानी बहाया जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा उसके घर से लेकर श्याम दुलारी के घर तक अंडरग्राउंड नाली का निर्माण भी कराया गया है, ताकि पानी का समुचित निकास हो सके। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली की व्यवस्था होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इससे खड़ंजे पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है और पिछले दो-तीन महीनों से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अफसरों के निर्देश पर निरीक्षण को पहुंचे एपीओ डलमऊ व बीडीओ सरांय दिलावर जैसे अधिकारियों को विरोध का सामना करना पड़ा है। डीएम और सीडीओ ने ग्रामीणों की शिकायत सुनकर निष्पक्ष जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संदिग्ध हालात में महिला का मिला शव, हत्या का लगाया आरोप

**अमेठी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रामगंज कस्बे में गुरुवार को एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के बेड पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर चौकी प्रभारी रामगंज, थाना प्रभारी रामगंज और नायब तहसीलदार सुधीर श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मृतका की पहचान नसरीन बानो पत्नी आमीन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उसका पति आमीन मुंबई में रहता है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। मृतका की बहन निशामुंतुल निशा ने आरोप लगाया कि उसकी बहन को दहेज के लिए ससुराल पक्ष के लोग अक्सर परेशान करते थे। उनका कहना है कि सास-ससुर और पति द्वारा पहले भी उसकी बहन के साथ मारपीट की गई थी। एक बार मामले को लेकर थाने में दोनों पक्षों को बुलाया भी गया था, जहां समझौता करा दिया गया था। निशा का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ही उसकी बहन की हत्या की गई है। उसने सरकार और पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता अमेठी



गैस सिलेंडर के लिए लगी कतार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में रसोई गैस की किल्लत के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर की प्रकाश गैस सर्विस अमेठी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। वार्ड नंबर 2 के निवासी मुस्तकीम का कहना है कि वे कई दिनों से गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिल पाया है। वहीं भादर की निवासी सायरा और खौपुर के सुरेंद्र कुमार का कहना है कि वे अपना कामकाज छोड़कर पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन एजेंसी से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है। गंगागंज की रहने वाली राबिया ने बताया कि रोज सुबह से लोग लाइन लगाकर खड़े रहते हैं, लेकिन गैस की आपूर्ति नहीं हो रही है। घरों का चूल्हा ठंडा पड़ गया है और मजबूरी में लोग अब फिर से पुराने दिन आ गया है लोगों को लकड़ी और कोयले के चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा हैं। हालांकि लकड़ी भी आसानी से नहीं मिल रही है और उसकी कीमत भी बढ़ गई है, जिससे महिलाओं को और अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। धूप में घंटों लाइन में खड़ी महिलाएं और अन्य उपभोक्ता गैस एजेंसियों के सामने परेशान नजर आ रहे हैं। कैंटीन संचालिका सरिता जोशी ने बताया कि गैस की ऑनलाइन बुकिंग भी बंद हो गई है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। गैस की कमी के कारण कैंटीन में खाना बनाना मुश्किल हो गया है और मरीजों को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है। गैस सिलेंडर की कमी का असर अस्पतालों पर भी पड़ रहा है। संजय गांधी अस्पताल और इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल सहित कई अस्पतालों में एलपीजी गैस के अभाव में मरीजों के लिए भोजन बनाना कठिन हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शुकुल बाजार, अमेठी।** बाजार शुकुल क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मृतक की पत्नी ने न्याय के लिए अदालत की शरण ली थी। जानकारी के अनुसार अजरा बानो (22) पुत्री मोइन अहमद निवासी पूरे गय्यन मजरे सौना थाना कमरौली, जिला अमेठी ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका निकाह वर्ष 2020 में अलाउद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन के साथ हुआ था। उनसे दो वर्ष की एक बेटी जारा भी है। उनके पति मुंबई में वाहन चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे और 1 दिसंबर 2025 को गांव आए थे। आरोप है कि 8 दिसंबर 2025 की शाम अलाउद्दीन अपने दोस्त सोहराब के साथ मोटरसाइकिल से महोना जा रहे थे। इसी दौरान महोना और लाला का पुरवा के बीच इंडियन गैस एजेंसी के पास तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अलाउद्दीन को सीएचसी जगदीशपुर से लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान 13 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। पीड़िता का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अदालत के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रजनपुर में 15 को होगा होली मिलन समारोह



आयोजन से पूर्व कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते रोहित सिंह व अन्य। अमृत विचार

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** तिलोई क्षेत्र के रजनपुर गांव में 15 मार्च रविवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी रोहित सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के लोगों के लिए सांस्कृतिक और संगीत से भरपूर प्रस्तुतियां होंगी। समारोह में राष्ट्रीय स्तर के कलाकार मंचीय प्रस्तुति देंगे। प्रसिद्ध गायक हेमंत बृजवासी और लोकप्रिय गायिका विनती सिंह अपने गीत-संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके साथ ही बॉलीवुड और सूफी संगीत की शानदार प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम का हिस्सा रहेंगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फितूर बैंड का लाइव परफॉर्मेंस होगा। आयोजक रोहित सिंह ने बताया कि होली के पावन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा।

### लापरवाही

लाखों रुपये की लागत से बना था, गांव की गलियों में ही सड़ रहा कचरा

# शोपीस बनकर रह गए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

संवाददाता संग्रामपुर, अमेठी





अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर लगा ताला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाखों रुपये की लागत से एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही कचरा संग्रहण के लिए लगभग एक लाख पैंसठ हजार रुपये की लागत से ई-रिक्शा भी उपलब्ध कराए गए हैं। लेकिन निर्माण के वर्षों बाद भी इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। अधिकांश गांवों में कचरा आज भी गलियों और रास्तों में ही पड़ा दिखाई देता है, जबकि अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र लगभग निष्क्रिय बने हुए हैं ।जिले के विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के कई गांवों में स्थिति यह है कि कचरा प्रबंधन केंद्र बनने के बावजूद वहां आज तक एक बोरी कचरा भी नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई के लिए उपलब्ध कराए गए ई-रिक्शा का उपयोग गांव की सफाई के बजाय प्रधानों के निजी कार्यों में किया जाता है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है ।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय या तो बंद पड़े हैं या उनमें पानी की व्यवस्था न होने के कारण उनका उपयोग नहीं हो रहा है। इसी प्रकार पंचायत भवनों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। आधा दर्जन से भी कम पंचायत भवन ऐसे हैं जो नियमित कार्य दिवस पर खुलते हैं, बाकी अधिकांश समय बंद रहते हैं ।ग्रामीणों के अनुसार गांव में स्वच्छता बनाए रखने के लिए बनाए गए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पूरी तरह उपेक्षित पड़े हैं। जब इस संबंध में कुछ ग्राम प्रधानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा चलाने के लिए चालक उपलब्ध नहीं है, इसलिए कचरा संग्रहण का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। वहीं संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट में भी यह बात सामने आई है कि लंबे समय से उपयोग न होने के कारण कई ई-रिक्शा जंग लगने से खराब होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। सरकार द्वारा एक-एक ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### बुढ़वा मंगल पर हनुमान मंदिर में लगा एक दिवसीय विशाल मेला

**फुरसतगंज, अमेठी।** क्षेत्र के चक दहीरामऊ गांव स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने श्री हनुमान मंदिर परिसर में बुढ़वा मंगल के अवसर पर एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर जयकारे लगाए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा गाजे-बाजे और डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तों की भीड़ लगी रही और लोगों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। ग्राम चक दहीरामऊ में स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर क्षेत्रीय लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना करते हैं और मन्नत मांगते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश शुक्ला ने बताया कि उनके परिवार की लगभग चौदहवीं पीढ़ी इस मंदिर की सेवा कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को यहां भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बुढ़वा मंगल के अवसर पर यहां हर वर्ष एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दराज से व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं और क्षेत्रीय लोग मेले का आनंद लेते हैं।

### सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष कथा का वर्णन

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ नगर पंचायत स्थित श्री बरखंडीनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष कथा का श्रवण भक्तो ने किया। कथा व्यास आचार्य गोविंद शास्त्री जी महाराज ने अमृतमयी वाणी से सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। यजमान देवी प्रसाद मिश्रा, अनूप मिश्रा, कन्हैया मिश्रा, अनिल शुक्ला, सुशील गिरि, अमित मिश्रा, राजकिशोर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

